तापमान

अधिकतम 33.7 डिग्री

न्यूनतम 24.9 डिग्री

हरिभूमि

रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026



खबर संक्षेप

मोनिका सचदेव को किया तड़ीपार

रायपुर। चर्चित हिस्ट्रीशीटर मोनिका सचदेव को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने दो माह के लिए जिला बदर करने आदेश जारी किया है। उसके खिलाफ शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में मारपीट, लूट, भयदोहन करने के साथ ही एनडीपीएस के 17 प्रकरण दर्ज है। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की है। पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार महिला हिस्ट्रीशीटर इन दिनों टिकरापारा स्थित रावतपुरा कालोनी में किराए के मकान में रह रही थी। उसके खिलाफ बदमाशों के गैंग ऑपरेट करने के आरोप है। जांच में पाया गया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2005 से सिटी कोतवाली, टिकरापारा, गोलबाजार, सिविल लाइन थाना में कुल 17 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस कमिश्नर ने आदेश पारित कर आरोपी को रायपुर, दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार एवं गरियाबंद की राजस्व सीमाओं से दो माह के लिए जिला बदर करने आदेश जारी किया है।

जमीन पर विवादः कांग्रेस ने लगाया मंत्री को लाभ पहुंचाने का आरोप, बीजेपी बोली, आदिवासी परिवार के खिलाफ साजिश

भाजपा ने योजना को पूरी तरह नियमानुसार बताया, कहा- जमीन का आवंटन सभी के लिए समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गुजरात, महाराष्ट्र, मप्र . ओडिशा की तर्ज पर रायपुर में भी शहरी विस्तार आरोपों को बताया बेबुनियाद

रायपुर के कचना-लाभांडी-सड्डू क्षेत्र में प्रस्तावित नगर विकास योजना को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने मंत्री केदार कश्यप की पत्नी से जुड़ी जमीन योजना में शामिल होने पर लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के आरोपों को दुर्भाग्यजनक और साजिश बताया है। भाजपा ने कहा कि नगर विकास योजना कोई नई या किसी एक व्यक्ति के लिए बनाई गई व्यवस्था नहीं है। इस तरह के प्रोजेक्ट पूर्व में भी छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश में, उड़ीसा में, महाराष्ट्र में भी लागू हुए हैं। रायपुर में कटोरा तालाब, जलविहार, शैलेन्द्र नगर और देवेंद्र नगर सहित कई क्षेत्रों में पहले भी ऐसी योजनाओं के तहत भूमि का पुनर्गठन कर विकास किया गया है। दस्तावेज के अनुसार इन योजनाओं में मूल भू-स्वामियों को मुख्यतः करीब 40 प्रतिशत अंतिम विकसित भूखंड दिए गए और शेष भूमि से सड़क व अन्य अधोसंरचना विकसित की गई। मौजूदा मामले में भी करीब 1.33 एकड़ जमीन के बदले लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्रफल का अंतिम भूखंड मिलने की बात सामने आई है। ऐसे ▶▶शेष पेज 11 पर

देश के गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और ओडिशा में भी टीपीएस मॉडल लागू

इसलिए मौजूदा विवाद में बड़ा सवाल यह है कि क्या मंत्री की पत्नी से जुड़ी जमीन के लिए नियम अन्य भू-स्वामियों से अलग रखे गए हैं? यदि सभी पर समान फार्मूला लागू हुआ है तो विवाद व्यक्ति-केंद्रित होने के बजाय योजना की पारदर्शिता और शहरी विकास के व्यापक उद्देश्य पर होना चाहिए। वहीं किसी विशेष रियायत का दस्तावेजी प्रमाण मिलता है तो वह अलग जांच का विषय होगा। जमीन का क्षेत्रफल कम होना इस योजना की मूल प्रक्रिया है; असली कसौटी यह है कि बदले में मिला विकसित भूखंड और उस पर लागू नियम सभी भू-स्वामियों के लिए समान हैं या नहीं।

भाजपा ने कहा - वनमंत्री को टारगेट करना साजिश



भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरी शंकर श्रीवास ने कहा कि प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप और उनके परिवार को जिस प्रकार से टारगेट किया जा रहा है, बहुत ही दुर्भाग्यजनक है। नगर विकास योजना के तहत बसाहट की जा रही है। केंद्र सरकार की 2024-2025 प्लानिंग का यह हिस्सा है। इसके पहले भी जितने भी प्राधिकरण हैं, वहां प्रकार की बसाहट की गई है। भूखंड स्वामियों को नगर के विस्तार के लिए बहुत ही प्रॉपर तरीके से, सुनियोजित तरीके से बसाहट किया गया है। पूरी प्रक्रिया नियमों के अनुसार पूरी हो रही है। लेकिन एक परिवार और खासतौर से गरीब आदिवासी परिवार को टारगेट करना बहुत ही दुर्भाग्यजनक बात है। न सिर्फ छत्तीसगढ़ में, बल्कि मध्य प्रदेश में, उड़ीसा में, महाराष्ट्र में इसी प्रकार की स्कीम वहां पर चल रही है। नगर विकास योजना के तहत में सारे भूखंड स्वामियों को उचित मूल्य में भूखंड आवंटित किया जा रहा है। जिसे लेकर जिस प्रकार का दुष्प्रचार किया जा रहा है, बहुत ही अपने आप में दुखद है, दुर्भाग्यजनक है। भारतीय जनता पार्टी इस पूरे मामले की निंदा करती है।

गुढ़ियारी इलाके में वारदात से हड़कंप चोरी में तीन से चार लोगों के शामिल होने की आशंका

ज्वेलरी शॉप की दीवार में छेद कर घुसे दो नकाबपोश, ले उड़े 10 लाख के जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के रामनगर में अज्ञात चोर एक ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी कर 10 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर उड़ा ले गए। चोंरों ने शॉप ने पीछे की दीवाल में छेद कर दुकान के अंदर प्रवेश किया था। पता चला है कि दुकान की दीवाल में छेद करने चोरों ने दो दिन कोशिश की। दूसरी कोशिश में चोर कामयाब हुए। इस बात की जानकारी दुकान के अंदर लगे फॉल्स सिलिंग के डैमेज होने के बाद मिली। ज्वेलरी शॉप से ढाई तोला सोने के जेवर के साथ दो किलो से ज्यादा चांदी के जेवर चोरी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक चोरों ने कर्मा चौक स्थित श्री लक्ष्मी विनायक ज्वेलर्स को निशाना बनाया। इस दुकान के संचालक सुनील जैन हैं। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि सुबह दुकान खोलने के बाद वह अंदर गया तो दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा मिला। ▶▶शेष पेज 11 पर





धार गिरोह के हाथ होने की आशंका

चोरी की घटना में पुलिस को मध्यप्रदेश, धार के शातिर चोर गिरोह के हाथ होने की आशंका है। यह गिरोह रेलवे स्टेशन से सटे इलाकों की रैकी करने के बाद चोरी करता है। गिरोह के सदस्य खाली प्लाट से सटी दुकानों की निगरानी करते हैं और वारदात के बाद उसी रास्ते से वापस लौट जाते हैं। पुलिस को चोरों के भागने के भी सीसीटीवी फूटेज मिले हैं। चोरों के बाइक से भागने की जानकारी मिली है।

इस कारण चोरी करने में कामयाब

दुकान के पीछे एक बड़ा सा खाली प्लाट है। प्लाट बाउंड्री से घिरा है। बाउंड्री के गेट पर ताला लगा है। चोर दीवाल फांदकर प्लाट के अंदर घुसे। इसके बाद दीवार में छेद करने की कोशिश की। पहले दिन कामयाबी नहीं मिलने पर चोर दूसरे दिन पुनः पहुंचे और उसी जगह पर दीवार पर छेद कर अंदर प्रवेश कर जेवर चोरी कर ले गए।

कचना की चोरी का अब तक खुलासा नहीं

करीब एक महीने पहले कचना के शिव ज्वेलर्स में भी चोरी हुई थी। चोर गैस कटर से शटर काटकर दुकान में घुसे थे। उस मामले में करीब दो तोला सोना और 15 किलो से ज्यादा चांदी के जेवर चोरी होने की जानकारी सामने आई थी। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिला था। इसमें एक नकाबपोश चोर दुकान के अंदर जेवर निकालता दिखाई दिया था। पुलिस ने आसपास के कैमरों की फुटेज भी खंगाली, लेकिन डेढ़ माह बाद भी इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

विश्नोई गैंग के नाम पर 25 करोड़ फिरौती मांगने वाले शोएब को दबोचने छापे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस नेता आनंद कुकरेजा को धमकाकर 25 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के आरोपी शोएब ढेबर को अरेस्ट करने पुलिस ने बुधवार को कई जगह छापे मारे, पर शोएब का पता नहीं चला। पुलिस ने उसके रिश्तेदारों के निवास पर भी पड़ताल की। बहरहाल आरोपी को पकड़ने पुलिस ने चार टीमें बना दी हैं। इनमें एसीपी रैक के अफसर के साथ दो टीआई तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। शोएब ढेबर पर आरोप है कि उसने विदेशी सिम से लारेंस बिश्नोई तथा अमन साव गैंग के नाम से डर दिखाकर आनंद कुकरेजा के बेटे को मैसेज तथा वाट्सएप कॉल कर 25 करोड़ रुपए फिरौती की मांग की ▶▶शेष पेज 11 पर

- आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने गठित की चार टीमें





खबर संक्षेप

आईआईटी मद्रास में 3 को विधायक शर्मा का व्याख्यान

धरसींवा/सिलयारी। विधायक एवं पद्मश्री श्री अनुज शर्मा को



देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), मद्रास, चेन्नई में तीन अक्टूबर को आयोजित विशेष लेक्चर सीरीज में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतिष्ठित संस्था में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों ने अपने विचार, अनुभव और रचनात्मक दृष्टिकोण साझा कर चुकके है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, कैलाश सत्यार्थी, दलाई लामा, जावेद अख्तर, ए. आर. रहमान और एस. एस. राजामौली जैसी चर्चित हस्तियाँ ने अपने विचार व्यक्त चुके हैं। विधायक श्री शर्मा संगीत, छत्तीसगढ़ी सिनेमा और राजनीति सहित अपने जीवन के अनुभवों को साझा करेंगे।

जगदीश सोनवानी ने मृत्यु के बाद देहदान की औपचारिकता पूरी की

सिलयारी। धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुकेरा निवासी जगदीश सोनवानी ने मानव सेवा की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए मृत्यु के बाद अपना शरीर चिकित्सा शिक्षा के लिए दान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बाकायदा घोषणा पत्र के माध्यम से अपना मृत शरीर शरीर रचना विज्ञान विभाग (एनाटॉमी डिपार्टमेंट), चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) को दान करने की इच्छा व्यक्त की है। जगदीश सोनवानी ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि उनके शरीर का उपयोग चिकित्सा महाविद्यालय के एनाटॉमी विभाग में अध्ययन-अध्यापन एवं चिकित्सा शिक्षा के उद्देश्य से किया जाए। देहदान की इस घोषणा के साथ जगदीश सोनवानी ने अपने पुत्र संतुराम सोनवानी को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। घोषणा के अनुसार मृत्यु के पश्चात पंजीकृत चिकित्सक द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र तथा संबंधित निवास स्थान के पुलिस थाने से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

गुड़ियारी पारा में आंगन मिलन कार्यक्रम हुआ

आरंग। रानी दुर्गावती वार्ड गुड़ियारी पारा आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को पोषण आहार और स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला गया। पार्षद खुशबू राकेश शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के सेवा काल में महिलाओं, बच्चों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। केंद्र और राज्य सरकार की जनसेवा की योजना आंगनबाड़ी के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। आंगन मिलन सेवा के माध्यम से बच्चों के पोषण आहार, स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास को नई गति मिल रही है। आंगनबाड़ी केंद्र में अन्नप्राशन संस्कार, पोषण आहार, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आंगन मिलन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद खुशबू राकेश शर्मा, एल्डरमैन सतीश सोनकर, आस्था जैन, आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता लक्ष्मी घृतलहरे, सहायिका दुर्गा सेन, मितानिन संतोषी चंद्राकर, सावित्री ध्रुव, नमिता गेंद्रे के अलावा वार्ड की महिलाएं अधिक संख्या में उपस्थित थीं।

निधन

लक्ष्मीनारायण शर्मा

कूंरा। नगरपंचायत कूंरा वार्ड 03 के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग रायपुर के सेवानिवृत्त अधिकारी लक्ष्मीनारायण शर्मा स्व कोदेशवर शर्मा के द्वितीय पुत्र (71) का रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज उपचार के दौरान 30 सितंबर को देहांत हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वह दुबे मोबाइल के संचालक नीरज शर्मा, अनुज शर्मा के पिता जी एवं राममनी, नवरंग एवं प्रदीप गुड्डा शर्मा के बड़े भाई थे।

बाढ़ का पानी उतरा, मुआवजे के लिए क्षति का आंकलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

पंचायत खैरखूंट के आश्रित ग्राम बलौदी खुर्द में बाढ़ से भारी क्षति



क्षेत्र में कोल्हान नाला और खारुन नदी के उफान पर आने से आई भीषण बाढ़ के बाद अब स्थिति सामान्य होने लगी है। दोनों जलस्रोतों का जलस्तर पूरी तरह से घटने के कारण स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। पानी कम होते ही राजस्व विभाग और मैदानी अमला सक्रिय हो गया है ताकि बाढ़ प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता और मुआवजा दिलाया जा सके।

ग्राम पंचायत खैरखूंट के आश्रित ग्राम बलौदी खुर्द में बाढ़ से व्यापक प्रभाव पड़ा था। प्रशासन की टीम ने गांव के प्रभावित घरों में पहुंचकर जमीनी स्तर पर हुए नुकसान का मुआयना शुरू कर दिया है। हल्का नंबर 3 के पटवारी नंदकुमार राय मैदानी अमले के साथ घर-घर जाकर वास्तविक क्षति का सटीक आकलन कर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, जिससे शासन के नियमानुसार पीड़ितों को उचित आर्थिक सहायता मिल सके।

इस सर्वेक्षण के दौरान जनप्रतिनिधि भी मौके पर मौजूद रहे। क्षति के आकलन और निरीक्षण के समय क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, स्थानीय सरपंच यशोदा गुनुराम साहू, पंच रामकरण निषाद और पंच गीता निषाद सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि सर्वे का कार्य शीघ्र पूरा कर सभी प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द राहत राशि वितरित की जाए।

नवाचारी शिक्षण पद्धति के लिए शिक्षिका अर्चना साहू सम्मानित

कूंरा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, समर्पण, सामाजिक सरोकार और नवाचारी शिक्षण पद्धति के लिए शासकीय प्राथमिक शाला मौहागांव (सिलयारी) की सहायक शिक्षिका अर्चना साहू को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। बालोद में एनटीसीएसएफ एवं दर्शन ब्लॉक टीम द्वारा आयोजित भव्य समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से चयनित शिक्षकों के साथ अर्चना साहू को भी सम्मान प्रदान किया गया। रायपुर जिले के धरसींवा विकासखंड से इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित होने वाली अर्चना साहू अकेली शिक्षिका हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, ग्राम मौहागांव सहित पूरे धरसींवा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अर्चना साहू ग्रामीण अंचल के गरीब एवं अभावग्रस्त बच्चों की शिक्षा को लेकर लगातार समर्पित होकर कार्य कर रही हैं।

राजधानी में देवेंद्र नगर से लाल चौक तक नशामुक्ति पदयात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

सीएम साय ने कहा- नशामुक्त छग ही विकसित राज्य की मजबूत नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को राजधानी में देवेंद्र नगर चौक से लाल चौक तक आयोजित नशामुक्ति पदयात्रा में शामिल हुए। स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में पदयात्रा में भाग लेकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया।

लाल चौक पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा, नशामुक्त और स्वस्थ छत्तीसगढ़ ही विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव बनेगा। नशे का असर केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से बचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। युवा प्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। स्वस्थ, शिक्षित और कुशल युवा अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाएंगे तो छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ेगा।

ये थे मौजूद

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ममता साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं, युवा, महिलाएं एवं आमजन उपस्थित थे।

युवाओं को सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास

साय ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक नशामुक्ति पदयात्रा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी के संयम, स्वच्छता और स्वस्थ जीवन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में यह अभियान महत्वपूर्ण है। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। युवाओं को सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित हो रही हैं।

सीएम ने की पुरंदर की सराहना

उन्होंने कहा, बस्तर में नक्सलवाद के कारण विकास प्रभावित हुआ, लेकिन अब शांति और विकास के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, संचार और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा 27 वर्षों से नशामुक्ति, वृक्षारोपण और स्वच्छता जैसे विषयों पर पदयात्रा आयोजित करने की सराहना की।

सीआरपीएफ ने चरौदा स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बुधवार को डीआईजी उदयभास्कर बिल्ला एवं कमांडेंट आशीष यादव, ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ रायपुर के दिशा-निर्देशन एवं उप कमांडेंट अजय सिंह के मार्गदर्शन में सीआरपीएफ कैंप भिलाई के जवानों ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तहत विद्यालय परिसर, खेल मैदान और सड़क किनारे की साफ-सफाई की गई। इस दौरान जागरूकता नारे लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट कमांडेंट भरत भोई ने बच्चों को संबोधित कर स्वच्छता के प्रति प्रेरित और सचेत किया। इस मुहिम में पीपला फाउंडेशन के संरक्षक व राष्ट्रीय किसान नेता पारसनाथ साहू, सरपंच देवशरण धीवर, पंच प्रेमलाल साहू, दुलार साहू, राकेश साहू, संस्था प्रधान के.के. परमाल, शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर साहू, सुशील कुमार आवड़े, जितेन्द्र कुमार यदु, शिक्षिका श्रीमती पायल शुक्ला, प्रभा साहू, पार्वती साहू, संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, सीआरपीएफ जवानों और ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजन में शिक्षक महेन्द्र पटेल की अहम भूमिका रही।

नव दुर्गा सेवा समिति की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में श्री सार्वजनिक नव दुर्गा सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा पूर्व कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन करना और आगामी शारदीय नवरात्रि की तैयारियों पर चर्चा करना था। सर्वसम्मति से समिति के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अध्यक्ष आनंद मूर्ति अग्रवाल, सचिव विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष बेनीराम भूतड़ा, सह सचिव परमानंद साहू, सांस्कृतिक सचिव सोमेश चौबे को दायित्व दिया गया है। बैठक में आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। इस वर्ष मां दुर्गा की स्थापना का 25वां वर्ष (रजत वर्ष) है, जिसे समिति द्वारा अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। रजत वर्ष के उपलक्ष्य में एक विशेष स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा। पर्व के दौरान विभिन्न भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा परंपरा अनुसार भव्य भंडारा का आयोजन होगा। बैठक में समिति के वरिष्ठ और सक्रिय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से प्रदीप गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, नरेश चौबे, रमेश तिवारी, राम नारायण सोनी, और लोकनाथ साहू, धर्मेंद्र महाराज सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

छात्रों ने रैली निकाली, एड्स जागरूकता का दिया संदेश

कूंरा। महाविद्यालय की यूथ रेड क्रास इकाई द्वारा बुधवार को एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित लोगों के प्रति भेदभाव समाप्त करने एवं एड्स की रोकथाम एवं उसके प्रभावी नियंत्रण के लिए एड्स जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया कार्यक्रम्र का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर द्वारा महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र- छात्राओं को एड्स जागरूकता की शपथ के साथ हुआ।

समस्त स्टाफ एवं छात्रछात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से एड्स के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। यूथ रेड क्रास इकाई प्रभारी डॉ. सुनीता दुबे द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई एवं विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई । भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति प्रदान की भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ममता नायक बी.एससी.प्रथम , द्वितीय स्थान पर राजा कुमार खरे बी. ए. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर राकेश गेंडले एम. काम. प्रथम सेमेस्टर रहे । प्रतियोगिता के निर्णायक में डॉ. संजय सिंह, हेमंत देशमुख एवं प्रशांत रथ ने महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान की । कार्यक्रम का संचालन तरन्नुम कौसर एवं धन्यवाद ज्ञापन संदीप कुमार द्वारा दिया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्रछात्राओं के उत्साहवर्द्धन हेतु महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

धनेली में सेवा संकल्प यात्रा के स्वागत में विधायक अनुज शर्मा ने की पुष्पवर्षा

वडनगर से वाराणसी जा रही बाइक रैली का भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने किया आत्मीय अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवां/सिलयारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, सुशासन, जनसेवा और राष्ट्रसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही 'सेवा संकल्प बाइक रैली' का धरसींवां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनेली में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के धनेली पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

भारतीय जनता पार्टी धरसींवां मंडल के पदाधिकारियों, युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने बाइक रैली में शामिल यात्रियों का माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। हाथों में तिरंगा लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान पूरे क्षेत्र में देशभक्ति और उत्साह का माहौल नजर आया।

कार्यक्रम में धरसींवां विधायक अनुज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प यात्रा में शामिल बाइक सवारों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भारत माता के जयकारे लगाए और यात्रियों का हौसला बढ़ाया।



यह केवल रैली नहीं, राष्ट्र निर्माण का संकल्प है

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही यह यात्रा केवल बाइक रैली नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मस्थली वडनगर से उनकी कर्मभूमि काशी तक निकली यह यात्रा देशवासियों को सेवा और राष्ट्रहित के लिए समर्पित होने का संदेश दे रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की रही मौजूदगी

धनेली में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय, धमतरी महापौर रामू रोहरा, छत्तीसगढ़ राज्य वनौषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, रायपुर जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, शकुंतला ढिलेंद्र सेन, दिनेश खुंटे, नितिन अग्रवाल सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजयुमो कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

डॉ. नौरंगे ने कराया न्योता भोज व बच्चों को दी पेन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अभिनव पहल 'आओ खुशियां बांटें' से प्रेरित होकर नेत्र सहायक चिकित्सा अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सालिक नौरंगे ने अपना जन्मदिन शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला, गुखेरा के छात्र-छात्राओं के साथ अनूठे अंदाज में मनाया। इस अवसर पर उन्होंने 'न्योता भोज' का आयोजन कर विद्यालय के 120 बच्चों को अपने हाथों से समोसा और जलेबी परोसी। बच्चों की करतल ध्वनि और उत्साह के बीच केक काटकर सभी का मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रेरित करते हुए श्री नौरंगे ने अपनी पुरानी यादें साझा कीं।

उन्होंने कहा कि उनका बचपन भी इसी परिवेश में बीता है और गुरुजनों के मार्गदर्शन व आशीर्वाद की बदौलत ही वे आज इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। उन्होंने कलेक्टर महोदय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि 'न्योता भोज' समाज से मिले सहयोग को वापस लौटाने और दूसरों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर कर अपनी खुशियों को दोगुना करने का एक अत्यंत सशक्त व सुंदर माध्यम है। बच्चों ने भी पूरे आत्मीय भाव से डॉ. नौरंगे को गुलदस्ते व लेखनी (पेन) भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन में सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम सोनवानी, शाला विकास समिति अध्यक्ष रेखराज देवांगन, उपसरपंच गंगा घासी राम कुर्रे और पंच डेविड ढीढी, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रांतीय सचिव अरविन्द चंद्राकर विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही शालेय परिवार से अरविंद वैष्णव, के.के. साहू, रामनारायण कन्नौजे, नोहरलाल यादव, विमला चौहान, फातिमा जांगड़े, घनश्याम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुषमा देवांगन तथा मध्यान्ह भोजन स्व-सहायता समूह के सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम से बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

ग्राम निमोरा एवं धुसेरा में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू की उपस्थिति में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल में महिलाओं, बहनों और बच्चों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। 'आंगन मिलन सेवा' के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास को गति मिल रही है। विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के साथ महिलाओं एवं बच्चों की सुविधाओं के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान जनपद सभापति चंचल राजा दीवान, हेमलता विनोद चंद्राकर, महामंत्री सूरज साहू, परियोजना अधिकारी रचिता नायडू, सरपंच अरुण साहू, भोलाराम देवांगन, लोकेश साहू, सरपंच नरेश बैस, ललिता मरकाम, राजा दीवान, विनोद चंद्राकर सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



पारागांव में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

आरंग। ग्राम पारागांव के आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 01 में आंगन मिलन सेवा संकल्प कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच अंजू शशिकांत बंजारे, स्वास्थ्य विभाग से रागिनी साहू, उपसरपंच राधेलाल निषाद, शासकीय हाई स्कूल अध्यक्ष गोविंद पटेल, सांसद प्रतिनिधि हरीश सोनकर, विधायक प्रतिनिधि एवं आरंग मंडल महामंत्री मनोज पाल, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष सोनू साहू, ग्रामीण कोषाध्यक्ष छन्नू साहू, पंच पूर्णिमा साहू, पंच द्वारिका सोनकर, साधु सतनामी, संजीव सेन, सेक्टर सुपरवाइजर दीक्षित मैडम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पेमिन पटेल, नंदिनी साहू, समूह कार्यकर्ता मिथिला निषाद, मितानिन सरिता निषाद सहित बड़ी संख्या में पालकगण, हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विधायक अनुज शर्मा का जसगीत कार्यक्रम 15 को

आरंग। श्री सार्वजनिक नवदुर्गोत्सव समिति महामाया पारा आरंग द्वारा इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के पंचमी पर्व पर एक भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। आगामी 15 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार व सुपरस्टार अनुज शर्मा का प्रसिद्ध जसगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

खबर संक्षेप



माया से मुक्त हुए बिना आत्मकल्याण संभव नहीं

रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास की प्रवचनमाला में मुनिश्री संवेगरत्न सागर ने श्रावक-श्राविकाओं को माया कषाय से उन्मुक्त होने का संदेश दिया। आचार्य वीरभद्राचार्य रचित 'आतुर प्रत्याख्यान' ग्रंथ के माध्यम से मुनिश्री आत्मकल्याण की राह बता रहे हैं। मुनिश्री ने बुधवार को धर्मसभा में कहा कि माया का सेवन जीव के लिए हानिकारक है। विभाव को स्वभाव बना देने वाला कषाय ही माया है। आत्मा ने न जाने कितने भवों से इस कषाय का अभ्यास किया है। माया के प्रभाव में जीव अपने कार्यों और उपलब्धियों को सफलता मानने लगता है, लेकिन इसके पीछे दुख, दुर्गति और पीड़ा छिपी होती है। अन्य कषाय भी भयंकर हैं, लेकिन माया कषाय महाभयंकर है। मुनिश्री ने कहा कि जन्म लेते ही काया के प्रति माया शुरू हो जाती है और जीवनभर इसका प्रभाव बना रहता है। माया इतनी प्रबल होती है कि अंतिम समय तक भी जीव इससे मुक्त नहीं हो पाता। इसके कारण जीव कर्मों के बंधन में फंसता चला जाता है और आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप से दूर होती जाती है।

भीम आर्मी का हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन, सैकड़ों पदाधिकारी हुए शामिल

रायपुर। भीम आर्मी छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा राजधानी रायपुर में भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश भर से सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भीम आर्मी के प्रदेश सह प्रभारी मनोज बंजारे का जन्मदिवस रहा, जिसे कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर केक काटा गया और श्री बंजारे को पगड़ी व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री बंजारे ने कहा कि भीम आर्मी बहुजन समाज के हक-अधिकार की लड़ाई को गांव-गांव तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम में महिला विंग, युवा मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विज्ञान मेला और वैदिक गणित प्रश्नमंच प्रतियोगिता



रायपुर। सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा विभाग स्तरीय विज्ञान मेला एवं वैदिक गणित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 29 और 30 सितंबर को यह आयोजन माना कैंप स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुआ। आयोजन में प्रतिभागी छात्रों से उत्साह से भाग लिया।समारोह के मुख्य अतिथि श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, माना कैंप) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूल साहा ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमोद दास मानिकपुरी और केआर साहू उपस्थित रहे।

सात शासकीय कालेजों में फिजियोथैरेपी के लिए 350 सीटों पर एडमिशन

रायपुर। इस बार बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी (बीपीटी) की कुल 350 शासकीय सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। पिछले साल राज्य में शासकीय कालेज की संख्या एकमात्र थी, जिसे बढ़ाकर सात कर दिया गया है। इन कालेजों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया में शामिल होने वालों के लिए 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक पंजीयन और संस्था चयन का वक्त दिया गया है। राज्य में पिछली बार बीपीटी की 50 सीटें और एकमात्र शासकीय कालेज था। अस्पतालों में फिजियोथैरेपिस्ट की जरूरतों और भविष्य में इस क्षेत्र की संभावनाओं को देखते हुए राज्य शासन ने पिछले बजट में 6 नए फिजियोथैरेपी कालेज खोलने की घोषणा की थी।

डूंडा के नए फिल्टर प्लांट से जुड़ेंगी 15 टंकियां, दस एकड़ में बन रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

डूंडा में 150 एमएलडी क्षमता का नया फिल्टर प्लांट स्थापित करने नगर निगम का जल विभाग जल्द एजेंसी तय करेगा। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया कर एजेंसी तय होगी। 10 एकड़ सरकारी जमीन पर 189 करोड़ की प्रस्तावित लागत से शहर का यह दूसरा नया फिल्टर प्लांट होगा। महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम के बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान किया है।

दरअसल भाठागांव स्थित मुख्य फिल्टर प्लांट पर बढ़ते दबाव को कम करने और शहर में तेजी से विकसित हो रहे बाहरी इलाकों को ध्यान में रखकर 2050 तक की अनुमानित आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के मकसद से नए फिल्टर प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इसमें शहर के आउटर इलाके में स्थित गांव डूंडा को पाइंट बनाकर प्लांट का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया, इस प्रस्तावित नए फिल्टर प्लांट के लिए मुख्य कच्चा पानी खारुन नदी से लिया जाएगा। काठाडीह से डूंडा के नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी पहुंचाने 6.5 किलोमीटर लंबी और 1200 एमएम व्यास की मेन पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही इंटेकवेल से कनेक्ट कर पाइपलाइन बिछाने 5-5 किलोमीटर के दायरे में पाइपलाइन बिछाई जाएगी।



फाइल फोटो

- जल विभाग ने किया ऑनलाइन टेंडर, जल्द एजेंसी तय की जाएगी
- 189 करोड़ की लागत से डूंडा के सरकारी स्कूल के पास बनेगा नया प्लांट

पुरानी टंकियों को जोड़ा जाएगा

सूत्रों के मुताबिक, रायपुर नगर निगम शहर को अपनी 43 नई व पुरानी पानी टंकियों से पेयजल की आपूर्ति वर्तमान में करता है। इनमें से 15 पानी टंकियों को भाठागांव के वर्तमान फिल्टर प्लांट से डिस्कनेक्ट कर डूंडा में बनने वाले नए प्लांट में जोड़ने की योजना है। इसके लिए नगर निगम के जल विभाग ने कार्ययोजना बना रखी है।

संकट का समाधान

पुराने फिल्टर प्लांट की क्षमता 300 एमएलडी की है, उससे जल आपूर्ति के बाद भी शहर के 21 वार्डों में इस बार गर्मी के सीजन में पेयजल संकट की समस्या रही है। इसे दूर करने के लिए जल विभाग को जलसंकट प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझानी पड़ी। यह स्थिति दोबारा निर्मित न हो, इसलिए नए प्लांट की डिजाइन इस तरह की गई है, जिससे पुराने प्लांट की 15 टंकियों का भरपूर पानी सालभर आसानी से आपूर्ति किया जा सके।

राजधानी में देवेंद्र नगर से लाल चौक तक नशामुक्ति पदयात्रा में शामिल हुए साय

सीएम साय ने कहा- नशामुक्त छग ही विकसित राज्य की मजबूत नींव





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को राजधानी में देवेंद्र नगर चौक से लाल चौक तक आयोजित नशामुक्ति पदयात्रा में शामिल हुए। स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में पदयात्रा में भाग लेकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया। लाल चौक पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा, नशामुक्त और स्वस्थ छत्तीसगढ़ ही विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव बनेगा। नशे का असर केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से बचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, युवा प्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। स्वस्थ, शिक्षित और कुशल युवा अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाएंगे तो छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ेगा। सरकार शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार, खेल और उद्यमिता के अवसरों का विस्तार कर रही है।

ये थे मौजूद

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ममता साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं, युवा, महिलाएं एवं आमजन उपस्थित थे।

युवाओं को सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास

साय ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक नशामुक्ति पदयात्रा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी के संयम, स्वच्छता और स्वस्थ जीवन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में यह अभियान महत्वपूर्ण है। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। युवाओं को सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित हो रही हैं।

सीएम ने की पुरंदर की सराहना

उन्होंने कहा, बस्तर में नक्सलवाद के कारण विकास प्रभावित हुआ, लेकिन अब शांति और विकास के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, संचार और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा 27 वर्षों से नशामुक्ति, वृक्षारोपण और स्वच्छता जैसे विषयों पर पदयात्रा आयोजित करने की सराहना की। उन्होंने कहा, सामाजिक बदलाव केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से संभव है। पदयात्रा से प्रेरित होकर हजारों लोगों द्वारा नशामुक्ति का संकल्प लिए जाने का भी उन्होंने उल्लेख किया।

मजबूत हुआ जामगांव और पाटन अमलेश्वर का बिजली सिस्टम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने विद्युत पारेषण व्यवस्था को मजबूत करने बुधवार को दो महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए। दुर्ग जिले के पाटन क्षेत्र में नवनिर्मित 132/33 केवी उपकेंद्र जामगांव आर को ऊर्जीकृत एवं कमीशन किया गया। इसके कुछ घंटे बाद 220/132/33 केवी उपकेंद्र पाटन में नवनिर्मित 132 केवी लाइन के माध्यम से 132 केवी पाटन-अमलेश्वर सर्किट-1 को भी चार्ज एवं कमीशन किया गया। जामगांव आर उपकेंद्र को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने ऊर्जीकृत कर कमीशन किया। वहीं पाटन-अमलेश्वर सर्किट-1 को दोपहर 2:08 बजे पाटन उपकेंद्र में नवनिर्मित 132 केवी लाइन से चार्ज किया गया। यह कार्य 132 केवी लाइनों के पुनर्विन्यास की योजना के तहत किया गया है। नवनिर्मित जामगांव आर उपकेंद्र में 2×40 एमवीए क्षमता के 132/33 केवी ट्रांसफार्मर शामिल हैं। परियोजना के तहत पाटन-जामगांव 132 केवी लाइन तथा पाटन उपकेंद्र में अतिरिक्त 132 केवी फीडर बे से जुड़े कार्य भी स्वीकृत किए गए थे। उपकेंद्र के कमीशन होने से पाटन और दुर्ग जिले के आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

- ट्रांसमिशन कंपनी ने एक ही दिन में हासिल की दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस चुनाव में फर्जी आईडी से वोटिंग पुलिस तक पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव में फर्जी वोटिंग और आईडी हैकिंग के आरोप सामने आए हैं। कई प्रत्याशियों और समर्थकों ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत की है। ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और तकनीकी तरीके से वोटिंग की जानकारी सामने आई है। कल वोटिंग की प्रक्रिया खत्म होने के बाद कई अनपेड वोट जुड़े, इसे लेकर कहा जा रहा है कि मोबाइल नंबर से बनाई गई आईडी के आधार पर फर्जी वोट डाले गए हैं।

जशपुर जिले में यूथ कांग्रेस के चुनाव में वोटिंग प्रक्रिया को लेकर कुनकुरी नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील ने गंभीर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने दावा किया है कि उनके मोबाइल नंबर से बनाई गई आईडी में शुरुआती दौर में 12 वोट दर्ज थे, लेकिन वोटिंग बंद होने के बाद अचानक 7 अतिरिक्त अनपेड वोट जुड़ गए। दावा है कि ये सातों वोट जशपुर जिले के बाहर के हैं। इनमें कोरबा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और सूरजपुर क्षेत्र से जुड़े वोट दिखाई देने की बात कही गई है।

हमारे पास कोई शिकायत नहीं : बैज



पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यूथ कांग्रेस का चुनाव सिस्टम अलग है। पीसीसी का इससे कोई संबंध नहीं है। यूथ कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण के देख रेख में हो रहा है। हमारे पास अब तक कोई शिकायत नहीं आई है।

ऐप की तकनीकी जांच की मांग

विनयशील ने वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि जब इन वोटों को ओटीपी के माध्यम से वेरीफाई किया गया, तो सभी सात वोट यूथ कांग्रेस के स्टेट प्रेसिडेंट पद के कैंडिडेट नंबर-4 शैलेन्द्र बंजारे के पक्ष में दर्ज दिखाई दिए। मामले को लेकर चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग से तकनीकी जांच की मांग की गई है, कि यह पता लगाया जाए कि वोटिंग ऐप में तकनीकी गड़बड़ी हुई है या किसी स्तर पर छेड़छाड़ की गई है। साथ ही संबंधित आईपी एड्रेस, नेटवर्क और तकनीकी गतिविधियों की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की गई है।

चुनाव प्राधिकरण में शिकायत दर्ज कराएं

उन्होंने वीडियो में यह भी अपील की गई है कि जिन लोगों को वोटिंग प्रक्रिया में इस तरह की अनियमितता दिखाई दे रही है, वे स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखें और चुनाव प्राधिकरण के समक्ष शिकायत दर्ज कराएं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। ऐप में वोट जुड़ने के पीछे तकनीकी खराबी, डेटा संबंधी समस्या या किसी अन्य कारण की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

भूपेश बघेल गुट के प्रत्याशियों पर लगे आरोप

कल यूथ कांग्रेस के संगठन चुनाव के आखिरी दिन फर्जी वोटर आईडी के जरिए शासकीय आईटीआई खुर्सीपार और कॉल सेंटर के युवाओं से ऑनलाइन वोटिंग कराने की बात सामने आते ही यह मामला अब पुलिस के पास पहुंच चुका है। दरअसल भिलाई में युवक कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल की समर्थक रॉबिन सिंह और विधायक देवेन्द्र यादव के करीबी अर्जुन शर्मा चुनाव मैदान में हैं। कल दोपहर भिलाई के खुर्सीपार स्थित सरकारी आईटीआई में जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष के प्रत्याशी रॉबिन सिंह के पक्ष में छात्रों से क्लास के अंदर वोटिंग कराई जा रही थी। इसी दौरान प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी अर्जुन शर्मा और उसके साथी वहां पहुंच गए और इसका वीडियो बना लिया। इधर कॉल सेंटर में भी अनिल सिंह ने वोटिंग कराई।

युवा कांग्रेस चुनाव में 14 लाख 56 हज़ार वोट पड़े

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस चुनाव में कुल 14 लाख 50 हजार 626 मतदाताओं ने वोटिंग किया है। इसमें 11 लाख 76 हजार 907 पैड वोटर हैं, जिन्होंने 75 रुपए सदस्यता शुल्क जमा कर दिया है। वहीं 2 लाख 79 हजार 719 अनपैड वोटर हैं, जिनका भुगतान होना अभी शेष है। जिन मतदाताओं का सदस्यता शुल्क जमा नहीं हुआ है उन्हें एक अक्टूबर रात 12 बजे तक का समय दिया गया है।

बस्तर की तरह पूरे प्रदेश के बाढ़ प्रभावित परिवारों को मिले 10 हजार की तत्काल राहत

रायपुर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि बस्तर के बाढ़ प्रभावित परिवारों को 10 हजार रुपये देने की घोषणा के अनुरूप राज्य के सभी बाढ़ पीड़ितों को भी इतनी ही राशि दी जाए। छत्तीसगढ़ में लगातार हुई अत्यधिक वर्षा तथा विभिन्न बांधों से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के अनेक जिलों में बाढ़ एवं जलभराव की गंभीर स्थिति निर्मित हुई है। इससे बड़ी संख्या में नागरिक एवं किसान प्रभावित हुए हैं।
श्री साहू ने एक बयान में कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा बस्तर में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद प्रभावित परिवारों को 10 हजार रुपयों की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। यह प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल राहत का महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन मेरा मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि बस्तर के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों में अतिवृष्टि, बाढ़ और जलभराव से प्रभावित परिवारों के लिए शासन द्वारा कितनी आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, इसे भी स्पष्ट किया जाए। वर्तमान में प्रदेश के अनेक जिलों में बाढ़ एवं जलभराव के कारण हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। अनेक परिवारों के घरों में पानी भर जाने से घर में रखा अनाज, कपड़े, घरेलू सामान, आवश्यक दस्तावेज तथा अन्य जरूरी सामग्री बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त हुई है।

पेंशन बहाली की मांग: अशासकीय कालेजों के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों ने मांगी पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय पेंशन पुर्नबहाली संघर्ष समिति के आव्हान पर बुधवार को राजधानी के दुर्गा महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों, प्रयोगशाला सहायक, लिपिग वर्गीय कर्मचारियों ने 1 सितंबर 2026 को शासन द्वारा जारी आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग करते हुए धरना दिया।

धरना प्रदर्शन में शामिल सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने पेंशन हमारा अधिकार है और 2010 से मिल रही पेंशन को बंद करने के निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग करते नारे लगाए। प्राध्यापकों और कर्मचारियों की पेंशन पुर्नबहाली संघर्ष समिति के तत्वाधान में रायपुर के अलावा भिलाई, बिलासपुर, अंबिकापुर में ग्रेच्युटी पर रोक हटाने और अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय के पेंशनरों पेंशन, ग्रेजुएटी को पुर्नबहाल करने आवाज बुलंद की। समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर बीके चौरसिया, संयोजक डॉ. राकेश तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि दुर्गा कालेज के मुख्य द्वार पर शांतिपूर्ण धरना को समर्थन प्रदान करने महाविद्यालय के एक दर्जन से अधिक पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष उपस्थित हुए। इनमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, छात्र नेता योगेश अग्रवाल, परवेज अहमद, नवरतन माहेश्वरी, लीलाधर साहू, शांतनु झा, जयप्रकाश शर्मा , शाकिर कुरैशी, राजकुमार राठी, एलुमनी एसोसियेशन अध्यक्ष संतोष अग्रवाल मौजूद रहे।

दो प्रकरण जिलों को पुनर्विचार, पांच मामले अस्वीकृत

राजनीतिक आंदोलनों से जुड़े 9 मामले होंगे वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



उप मुख्यमंत्री एवं गृह तथा जेल मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में राजनीतिक आंदोलनों से जुड़े प्रकरणों की वापसी के संबंध में प्रकरण वापसी समिति की बैठक हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित गृह, विधि और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों में दर्ज राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित 16 प्रकरणों की स्थिति की प्रकरणवार समीक्षा की गई। इनमें 8 लंबित प्रकरण भी शामिल थे। समिति ने सभी मामलों पर चर्चा के बाद 9 प्रकरणों में वापसी की अनुशंसा करने का निर्णय लिया। वहीं 2 प्रकरणों को पुनर्विचार के लिए संबंधित जिलों को भेजा गया। शेष प्रकरण राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित नहीं पाए जाने पर समिति ने उन्हें अस्वीकृत कर दिया। बैठक में पूर्व में अनुशंसित लेकिन लंबित प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली गई। अधिकारियों से न्यायालयों में लंबित मामलों तथा नियमानुसार की जाने वाली आगामी कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। समिति ने ऐसे प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने और न्यायालय में लंबित मामलों को नियमानुसार त्वरित गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

नियमानुसार कार्रवाई की जाए

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, राजनीतिक आंदोलनों से जुड़े प्रकरणों की वापसी की प्रक्रिया में सभी मामलों की प्रकरणवार समीक्षा कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की स्थिति पर लगातार नजर रखने तथा आवश्यक प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव गृह निहारिका बारिक, प्रमुख सचिव विधि मनीष ठाकुर, गृह सचिव नेहा चंपावत, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

धूल खा रही 650 करोड़ के फिल्म सिटी की शिला, एक बोर्ड तक नहीं, निर्माण एजेंसी को नोटिस

संजय जोशी ⏭ रायपुर

निर्माण एजेंसी की ढिलाई के कारण फिल्म सिटी का काम अभी तक गति नहीं पकड़ सका है। हालत यह है कि 650 करोड़ की लागत से बनने वाले इस फिल्म सिटी का शिला का पत्थर धूल खा रहा है। मामले में हुई अनियमितता को लेकर पर्यटन विभाग ने भी नोटिस जारी कर दिया है।

हरिभूमि टीम ने जब राज्य की महत्वकांक्षी चित्रोत्पला फिल्म सिटी का मुआयना किया तो पाया कि यहां के शिलान्यास पत्थर पर 9 महीने की धूल जमी हुई है। यह शिला पत्थर फिलहाल बंद कमरे में पड़ा हुआ है। संबंधित निर्माण एजेंसी को विभागीय नोटिस जारी होने के बाद भी अब तक नींव की एक ईंट तक नहीं रख पाई है।

चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण कार्य में देरी को लेकर पर्यटन विभाग इसे निर्माण एजेंसी की घोर अनियमिता बता रहा है, वहीं निर्माण एजेंसी कार्य को विभाग द्वारा डॉक्यूमेंटेशन प्रोसेस स्तर पर होना बता रहा है। बता दें कि चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण ईगल इंटरटेनमेंट नाम की एजेंसी कर रही है। एजेंसी के प्रोजेक्ट इंचार्ज नजीब हसन का कहना है कि फिल्म सिटी निर्माण कार्य के कंपोनेंट्स का ले-आउट तैयार करा रहे हैं। इसके बाद से विभाग से दिशा निर्देश लेकर कार्य जल्द ही सप्ताह भर के अंदर प्रारंभ करेंगे। इस तरह से विभाग और एजेंसी के बीच आपसी तालमेल नहीं बैठने का खामियाजा सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट को उठाना पड़ा है। इससे यह प्रोजेक्ट अपने तय समय से काफी पिछड़ता चला जा रहा है।

एजेंसी की ढिलाई के कारण फिल्म सिटी का काम अभी तक गति नहीं पकड़ सका

पारदर्शिता का पालन नहीं

किसी भी सरकारी कार्य के भूमि पूजन के साथ ही सबसे पहले कार्य का सूचना बोर्ड कार्य स्थल पर स्थापित करना अनिवार्य है। ऐसा न करना कार्य के पारदर्शिता के नियम के विरुद्ध होता है। फिल्म सिटी का भूमि पूजन के महीनों बाद भी निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य स्थल पर कार्य की जानकारी सूचना बोर्ड तक स्थापित नहीं किया जा सका है। इस कार्य सूचना बोर्ड पर कार्य योजना का नाम, लागत, निर्माण एजेंसी, ठेकेदार का नाम तथा कार्य प्रारंभ व पूर्ण होने की तिथि अंकित किया जाता है। कार्य स्थल पर एजेंसी द्वारा स्थापित सूचना बोर्ड से ही यह पारदर्शिता सुनिश्चित होती, जिससे आम जनता उस निर्माण कार्य और खर्च की निगरानी कर सके, लेकिन फिल्म सिटी निर्माण कार्य स्थल पर ऐसा किसी भी तरह का बोर्ड एजेंसी द्वारा नहीं लगाया गया है।



चेतावनी दी है

राज्य की महत्वकांक्षी चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण ईगल इंटरटेनमेंट कर रही है, लेकिन एजेंसी द्वारा टेंडर की शर्तों के मुताबिक निर्माण कार्य को गति नहीं दी जा सकी है। इसलिए एजेंसी को नोटिस जारी कर जल्द निर्माण कार्य जारी करने की चेतावनी दी गई है। - ***सौमिल रंजन चौबे,*** *एमडी पर्यटन विभाग छग*

नोटिस मिलने के बाद चूने की लाइन ही खींच पाए

100 एकड़ में विकसित होने वाले इस चित्रोत्पला फिल्मसिटी का विभाग के द्वारा नोटिस जारी करने के बाद निर्माण एजेंसी खाली चूने की आधी अधूरी लाइन ही खींच पाई है। निर्माण स्थल पर तेज गति से कार्य होता दिखाई नहीं दे रहा है। कार्य स्थल पर न तो अब तक किसी भी तरह का मटेरियल दिख रहा है और न ही निर्माण करने वाले मजदूरों की गतिविधियां। वहीं निर्माण कार्य के लिए लाई गई मशीने भी डंप पड़ी हुई है।

छत्तीसगढ़ के फिल्म उद्योग के भविष्य का सवाल

जनवरी 2026 में भूमिपूजन के बाद परियोजना अटकी पड़ी है। पहले फेज का कार्य 31 मार्च 2027 पूरा करने का टारगेट निर्धारित किया गया था। इसके बावजूद फिल्म सिटी के निर्माण की एक ईंट तक नहीं रखे जाने से छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग के भविष्य पर सवाल खड़ा हो गया है।

खबर संक्षेप

टीबी के खिलाफ छत्तीसगढ़ को बड़ी कामयाबी, चार विकासखंड हुए टीबी मुक्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ में टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। प्रदेश के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के खड़गवां, सरगुजा जिले के बतौली, कोरिया जिले के सोनहत और रायगढ़ जिले के घरघोड़ा विकासखंड भारत सरकार द्वारा तय टीबी-मुक्त विकासखंड के कड़े मानकों पर खरे उतरे हैं। टीबी मुक्त विकासखंड का दर्जा केवल मरीजों की संख्या कम होने के आधार पर नहीं मिलता, बल्कि इसके लिए जांच, मरीजों की पहचान, उपचार और पोषण सहायता से जुड़े निर्धारित मानकों को पूरा करना होता है। भारत सरकार के मानकों के अनुसार प्रति एक हजार आबादी पर कम से कम 30 लोगों की टीबी जांच, एक हजार से अधिक आबादी पर एक या उससे कम टीबी केस नोटिफिकेशन, 90 प्रतिशत या उससे अधिक उपचार सफलता दर तथा टीबी मरीजों को 100 प्रतिशत न्यूट्रिशन सपोर्ट सुनिश्चित होना आवश्यक है। इन सभी मानकों को पूरा करने के बाद ही किसी विकासखंड को टीबी मुक्त घोषित किया जाता है। खड़गवां, बतौली, सोनहत और घरघोड़ा ने इन निर्धारित मापदंडों को पूरा किया है।

निधन

देवकुमार शुक्ला

रायपुर। राजीव नगर निवासी



देवकुमार शुक्ला का 30 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 अक्टूबर को सुबह 11 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जिला आबकारी अधिकारी उम्र 82 वर्ष देवेंद्र नगर मुक्ति धाम में गुरुवार सुबह 11:00 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

पूनम करड़ा

रायपुर। तेलीबांधा रायपुर निवासी



पूनम करड़ा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 सितंबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे मयंक करड़ा की माता और कन्हैया केवलानी, गुलाब केवलानी, राजा केवलानी, किशन केवलानी की बहन थीं।

39 एजेंडों और 20 से अधिक अतिरिक्त प्रस्तावों पर चर्चा

एमआईसी की बैठक में बवाल, राजस्व अफसर को बदलने अड़ी रहीं मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम एमआईसी की बैठक शुरू होते ही बवाल हो गया। भाठागांव सब्जी बाजार में अतिक्रमण और व्यापारियों को व्यवस्थापन मामले मुं बिना जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए कार्रवाई से उपजे विवाद को लेकर गहमागहमी देखी गई।

- दोपहर 1 बजे से शुरू होनी थी बैठक, हंगामा सवाल जवाब के बीच 4 घंटे देर से शुरू

विवाद की वजह से बैठक शाम को शुरू हो सकी।

बताते हैं, भाठागांव मामले में महापौर मीनल चौबे ने बाजार एवं राजस्व विभाग की उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा से सवाल किए। सूत्रों के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस के अवसर कला केंद्र व अन्य संस्था के सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों से एंट्री शुल्क लिए जाने के मामले पर भी महापौर बिफर उठी। बैठक में मौजूद परिषद के सदस्यों ने भी यूजर चार्ज में ब्याज जोड़ने का मामला भी जोर-शोर से उठाया। इसके चलते एमआईसी की बैठक समय पर शुरू नहीं हो सकी। महापौर और उनकी परिषद डॉ. अंजलि शर्मा के प्रभार बदलने की मांग निगम आयुक्त से करते रहे। गहमागहमी के बीच निगम आयुक्त संबित मिश्रा बैठक से निकल गए जबकि महापौर और एमआईसी मेंबर्स अंदर मीटिंग हाल में बैठे रहे। शाम 5 बजे के बाद एमआईसी की बैठक शुरू हुई, जिसमें 39 एजेंडों और 20 से अधिक प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत 3 एजेंडों को छोड़कर बाकी एजेंडों पर एमआईसी की मुहर लगी।



एकमुश्त संपत्ति कर निपटान की योजना पर लगी मुहर

एमआईसी की बैठक में राजस्व विभाग द्वारा लाए गए एकमुश्त संपत्ति कर निपटान योजना को सदस्यों ने चर्चा के बाद मंजूरी दी। जिसमें सालों से बकाया कर जमा नहीं कर पा रहे ऐसे करदाता जिन पर भारी अधिभार लंबित है और जो मूल टैक्स देने को तैयार हैं इन श्रेणियों के करदाता को वन टाइम सेंटलमेंट के तहत नियम अनुसार अधिभार में छूट देने की व्यवस्था बनाई जाएगी। इनमें स्लम बस्ती, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मकान, खाली भूमि एवं जिन पर वर्षों का अधिभार लंबित है, उसे इस दायरे में लाया जाएगा। इस स्कीम में तीन श्रेणी में वार्षिक भाड़ा मूल्य के आधार पर लक्षित संपत्तियों के प्रापर्टी होल्डर से प्रस्तावित अधिभार में छूट की व्यवस्था रहेगी। शून्य से दस जार वार्षिक भाड़ा मूल्य वाले स्लैब में बकाया कर भुगतान एकमुश्त करने पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, स्लम बस्ती, पीएमएवाई आवास, छोटे आवासीय मकान व छोटी दुकानें में प्रस्तावित अधिभार में 100 फीसदी छूट मिलेगी। इसी तरह श्रेणी बी के तहत 10,001 से 50 हजार वार्षिक भाड़ा मूल्य श्रेणी में सामान्य व मध्यम वर्गीय एकल आवासीय भवन, छोटे घरेलू स्वामित्व वाले मकान के बकाया कर भुगतान मामले में प्रस्तावित अधिभार में एकमुश्त बकाया भुगातान करने पर 80 फीसदी सरचार्ज में छूट का प्रावधान किया गया है। इसी तरह सी श्रेणी में 50,001 से अधिक के वार्षिक भाड़ा मूल्य वाले संपत्तियों के बड़े आवासीय भवन , निजी स्कू चैरिटेबल ट्रस्ट और मध्यम आकार के भूखंड ,बड़े व्यवसायिक माल , मल्टीप्लेक्स निजी अस्पताल, बड़े कार्पोरेट आफिस और हॉटल आदि पर मूल कर में कोई छूट नहीं दी जाएगी। एकमुश्त बकाया कर भुगतान होने पर प्रस्तावित अधिभार में60 फीसदी छूट मिलेगी।

इन एजेंडों को मिली मंजूरी

- सङ्क में 45 लाख लीटर क्षमता की नई पानी टंकी निर्माण, फिल्टर प्लांट के वार्षिक संचालन व संधारण कार्य के ई निविदा संबंधी प्रस्ताव
- मोवा के स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्ट्रीट पोल, विद्युत व्यवस्था, गोलबाजार में स्ट्रीट पोल और एलईडी लाइट लगाने का प्रस्ताव।
- मोटर वर्क में 87 वाहन चालक, मेकेनिकल इंजीनियर, वेल्डर , कंप्यूटर आपरेटर प्लेसमेंट के माध्यम से रखने संबंधी प्रस्ताव
- लोक कर्म विभाग का प्रस्ताव- विसर्जन कुंड महादेवघाट में स्ट्रीट फूड हब का निर्माण के लिए टेंडर
- 15 वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत सीसी रोड, नाली निर्माण प्रस्ताव, वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए माइक्रो एक्शन प्लान संबंधी एजेंडा
- चार विधानसभा क्षेत्र के मुख्य मार्ग में बीटी टापिंग , चौड़ीकरण संबंधी प्रस्ताव
- मोवा गारमेंट फैक्ट्री को पीपीपी मोड पर संचालन के आरएफ की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव
- गरीबों की पेंशन संबंधी विभिन्न योजनाओं के 300 प्रकरण को पात्रता के आधार पर मंजूरी
- इसके अलावा अलग -अलग विभागों से प्राप्त प्रस्तावों को चर्चा उपरांत एमआईसी से पारित किया गया।

वोट चोरी देश के साथ गद्दारी' बैज ने सीईसी को हटाने और एसआईआर रोकने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने एसआईआर को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और एसआईआर प्रक्रिया तत्काल रोकने की मांग की।



- छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल

उन्होंने कहा, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में चुनावी प्रक्रिया से जुड़े फैसलों पर 14 बार आपत्तियां दर्ज की थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन आपत्तियों की अनदेखी कर मुख्य चुनाव आयुक्त ने मनमाने तरीके से निर्णय लिए। हालांकि, चुनाव आयोग ने इन आरोपों के जवाब में कहा है कि एसआईआर समेत आयोग के सभी निर्णय तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से मंजूरी के बाद लिए गए हैं और दोनों आयुक्तों की आपत्तियां प्रक्रिया के मसौदा चरण से जुड़ी थीं। बैज ने एसआईआर के दौरान हटाए गए मतदाताओं के नाम बहाल करने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं, इसलिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

निशुल्क स्तन कैंसर जांच व जागरूकता शिविर 3 को

रायपुर। अक्टूबर माह को वैश्विक स्तर पर 'स्तन कैंसर जागरूकता माह' के रूप में मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी), पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा आगामी 3 अक्टूबर को एक विशाल स्तन कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर क्षेत्रीय कैंसर केंद्र के ओपीडी परिसर में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रारंभिक अवस्था में ही इसकी पहचान सुनिश्चित करना है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्तन कैंसर की यदि समय पर पहचान हो जाए, तो आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों की मदद से इसका सफल उपचार संभव है। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क क्लिनिकल जांच, परामर्श और आवश्यकतानुसार सोनोमैमोग्राफी की सुविधा 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं एवं पारिवारिक इतिहास वाली महिलाओं के लिए विशेष अवसर है।

बस्तर ओलंपिक के लिए आज से पंजीयन, नवंबर में शुरू होंगे मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को अवसर देने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक के तीसरे संस्करण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए 1 से 30 अक्टूबर तक पंजीयन होंगे। प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन चरणों में विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं 1 से 13 नवंबर, जिला स्तर की 16 से 25 नवंबर और संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं 7 से 11 दिसंबर तक प्रस्तावित हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने बस्तर संभाग के आयुक्त और सभी जिलों के कलेक्टरों को आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक खिलाड़ियों को भागीदारी के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। बस्तर ओलंपिक में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं जूनियर वर्ग में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा सीनियर वर्ग में महिला और पुरुष प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा।

11 खेलों में होंगी स्पर्धाएं

प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल शामिल हैं। एथलेटिक्स में 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक और 4×100 मीटर रिले आयोजित होगी। तीरंदाजी में 30 और 50 मीटर की स्पर्धाएं होंगी। हॉकी और भारोत्तोलन का आयोजन सीधे जिला स्तर पर किया जाएगा। वहीं सीनियर महिला वर्ग में रस्साकसी को प्रदर्शनात्मक खेल के रूप में शामिल किया गया है।

दो संस्करणों में बढ़ी भागीदारी

बस्तर ओलंपिक का पहला संस्करण वर्ष 2024 में आयोजित हुआ था, जिसमें 1 लाख 65 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वर्ष 2025 के दूसरे संस्करण में पंजीयन बढ़कर 3 लाख 91 हजार हो गया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पहले संस्करण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 13 और दूसरे संस्करण के 18 खिलाड़ियों को यूथ आइकॉन के रूप में चिन्हित किया गया था।

पेज-09 के शेष

जमीन पर विवादः कांग्रेस ...

में केवल मूल जमीन और अंतिम भूखंड के क्षेत्रफल की तुलना से किसी को विशेष लाभ मिलने का निष्कर्ष निकालना उचित नहीं। अंतिम भूखंड की लोकेशन, सड़क संपर्क, भूमि उपयोग और विकास के बाद उसकी उपयोगिता भी महत्वपूर्ण होगी। नगर विकास योजना का उद्देश्य ही बेतरतीब शहरी विस्तार को व्यवस्थित करना है। इसके तहत सड़क, जल निकासी, बिजली, उद्यान और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए भूमि का पुनर्गठन किया जाता है।

ज्वेलरी शॉप की दीवार में...

साथ ही दीवाल में 12 से 18 इंच के करीब छेद मिला। छेद ऐसा था कि एक बार में एक ही आदमी घुस पाए। घटना स्थल से पुलिस को सीसीटीवी फूटेज मिला है, जिसमें दुकान के अंदर दो नकाबपोश चोरी करते दिखे हैं। पुलिस को घटना में तीन से चार लोगों के शामिल होने की आशंका है।

विश्नोई गैंग के नाम पर ...

थी। जांच में नाम सामने आने के बाद पुलिस ने उसे शनिवार को गिरफ्तार कर रविवार को अवकाशकालीन कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर कर जमानत दे दी थी।

आरोपी का नहीं मिल रहा लोकेशन : शोएब की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने जो चार टीमें गठित की गई हैं, उनमें से दो टीम आरोपी के शहर के बाहर छिपे होने की संभावित ठिकानों में छापे की कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा दो टीम शहर के अंदर उसके मकान तथा रिश्तेदारों के निवास में छापे की कार्रवाई करने पहुंची थी। आरोपी का पुलिस को अब तक किसी भी प्रकार से लोकेशन नहीं मिला है। उसका मोबाइल नंबर स्वीच ऑफ है।

कोर्ट में अपील के बाद कार्रवाई : आरोपी के कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी तथा उससे पूछताछ पूरी नहीं होने का हवाला देते हुए सेशन कोर्ट में अपील की। कोर्ट ने पुलिस की अपील को स्वीकर करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की अनुमति दी। निचली अदालत से जमानत मिलने के बाद आरोपी को अपने दोबारा गिरफ्तारी होने का अंदेशा गया था। गिरफ्तारी से बचने वो फरार हो गया।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
- नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा

मॉं और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिमबर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
- मूत्र रोग एवं सर्जरी
- किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
- प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
- योन संबंधी समस्याएं
- महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

न्यायालय तहसीलदार धरसीवां, जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ /अ-6 / वर्ष 2025-26
धरसीवां, दिनांक 21/09/2026
ग्राम- देवरी प.ह.नं.-04

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रवेन्द्र सिंह चौहान पिता भाव सिंह चौहान निवासी ग्राम देवरी तहसील धरसीवां जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के अंतर्गत पेश कर लेख किया है कि ग्राम देवरी प.ह.नं. 04, तहसील धरसीवां जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 135/3, 764/5, 764/17 रकबा 0.0160, 0.4050, 0.2510 हे. भूमि भावसिंग पिता सरहा चौहान के नाम से दर्ज है, उक्त भूमि के खातेदार भावसिंग पिता सरहा चौहान की मृत्यु 27.06.2026 को हो चुकी है, जिनके विधिक वारिसान पुत्र रवेन्द्र सिंह चौहान पिता स्व भावसिंह चौहान, पुत्री चंद्रावली बाई पिता स्व भावसिंह है, इनके अतिरिक्त अन्य को विधिक वारिसान नहीं है। अतएव आवेदित भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06/10/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धरसींवा (छ.ग.)

// आम सूचना //

(ग्राम डुमरतालाब "पार्थिवी पैसिफिक कमर्शियल काम्पलेक्स" प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. रायपुर-3-कोटा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 164/7 के भाग पर निर्मित कुल रकबा 3911 वर्गफुट भूमि है जिसमें रकबा 3404 वर्गफुट भूमि पर (मेन बिल्डिंग) व रकबा 507 वर्गफुट पर दो मंजिला इमारत इस तरह कुल रकबा 3911 वर्गफुट भूमि पर पाँच मंजिला भवन नगर निगम में दर्शाए गये नक्शे के अनुसार निर्मित है के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ऑफिस/दुकान मालिक पार्थिवी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पता पार्थिवी पैसिफिक ग्रेड ईस्टर्न रोड़ के पास एम्स कैंपस टाटीबंध रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम डुमरतालाब "पार्थिवी पैसिफिक कमर्शियल काम्पलेक्स" प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. रायपुर-3-कोटा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 164/7 के भाग पर निर्मित कुल रकबा 3911 वर्गफुट भूमि है जिसमें रकबा 3404 वर्गफुट भूमि पर (मेन बिल्डिंग) व रकबा 507 वर्गफुट पर दो मंजिला इमारत इस तरह कुल रकबा 3911 वर्गफुट भूमि पर पाँच मंजिला भवन नगर निगम में दर्शाए गये नक्शे व अनुसार निर्मित है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर संपत्ति विक्रय अनुबंध का निष्पादन कर लिया गया है, मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है । अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें । बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार वे उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा । तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेंगा। सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 30/09/2026

आशीष तिवारी
(अधिवक्ता)
पता- साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर छ.ग.
मो. नंबर- 9827981229, 8319582060

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं, अच्युत मिश्रा (**ACHYUT MISHRA**), अपना नाम बदलकर अनंत मिश्रा (**ANANT MISHRA**) रख लिया है। अतः अब मैं अनंत मिश्रा (**ANANT MISHRA**) के नाम से जाना-पहचाना जाऊँगा। सो विदित होवे।

पुराना नाम
अच्युत मिश्रा
(ACHYUT MISHRA)
नया नाम
अनंत मिश्रा
(ANANT MISHRA)
पता : अनंत मिश्रा, S/O अजय कुमार मिश्रा क्वार्टर नं. 1B-87, वार्ड नं. 7, स्टाफ कॉलोनी, जमुना कोलियरी, हरद-अनूपपुर, (म.प्र.)

आवास आवंटन के लिए लाटरी

रायपुर। निगम द्वारा पीएम आवास शहरी घटक के एएचपी अंतर्गत 4 परियोजनाओं के आवासों के आवंटन के लिए विगत दिनों अंतिम रूप पात्र पाए गए हितग्राहियों की उपस्थिति में आवास आवंटन के लिए लाटरी निकाली गई। नगर निगम के सामान्य सभागार में महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर लाटरी किए गए चार परियोजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, अधीक्षण अभियंता राजेष राठौर,सहायक अभियंता संदीप तिवारी, अमित बोस की उपस्थिति रही। अंतिम रूप से 401 हितग्राही पात्र पाए गए। आवेदनकर्ता अपने लाटरी के क्रम का अवलोकन रायपुर नगर निगम के निर्धारित वेबसाइट पर कर सकते हैं।

ग्रामीण को बताया दिल की गंभीर बीमारी का मरीज, पैर दर्द की शिकायत पर लाए थे अस्पताल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोरबा से अपनी रिश्तेदारी में घूमने दुबेई गांव आए ग्रामीण को पैर दर्द की शिकायत पर इलाज के लिए अस्पताल लाकर दिल की गंभीर बीमारी का मरीज बना दिया गया। इलाज के दौरान उसका कोई ऑपरेशन नहीं मगर सीएचएफ का पैकेज ब्लाक कर दिया गया।

खास खबर

मेडलाइफ हास्पिटल तेलीबांधा में बस्तर समेत अन्य गांवों से गाड़ी में भरकर मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में मरीजों के इलाज के नाम पर गड़बड़ी के मामले में निलंबित किए गए मेडलाइफ हास्पिटल की जांच के आधार पर गड़बड़ी मिलने पर उसे योजना से बर्खास्त कर दिया गया है। शिकायतों के आधार पर कई जांच के दौरान अस्पताल में योजना की आड़ में बड़ा गोरख धंधा सामने आया था जिस आधार पर कमेटी ने उसका पंजीयन निरस्त करने के साथ चिकित्सका का

कार्ड ब्लाक करने के साथ अतिरिक्त राशि

योजना से बाहर किए गए दूसरे हास्पिटल ने योजना के हितग्राहियों का इलाज करने के दौरान कार्ड ब्लाक करने के साथ अतिरिक्त राशि भी ली। शिकायत के आधार पर जांच टीम ने अस्पताल से डिस्चार्ज किए गए मरीजों से फीडबैक लिया तो इसका खुलासा किया। इसके आधार पर कमेटी ने लोट्स हास्पिटल को कटघरे में रखते हुए जांच की सिफारिश की गई थी। अस्पताल को अतिरिक्त पैसे लेने के मामले में भी नोटिस जारी किया गया था।

- कंजिस्टव हार्ट फेल्योर का पैकेज हुआ ब्लाक पर नहीं हुआ कोई ऑपरेशन
- बस्तर समेत अन्य गांवों के मरीज भी गाड़ी भरकर पहुंचे थे अस्पताल



जांच के बाद और बड़ी कार्रवाई

दोनों अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ बुधवार को राज्य के कुल 17 निजी अस्पतालों को जांच के दायरे में लाया गया है। जांच के दौरान संबंधित अस्पतालों से आयुष्मान योजना के अंतर्गत मरीजों को उपलब्ध कराए गए उपचार से संबंधित दस्तावेज प्राप्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा तथा जांच में प्राप्त तथ्यों एवं निष्कर्षों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मेडिकल काउंसिल से पंजीयन समाप्त करने, राशि की रिकवरी और एफआईआर कराने की सिफारिश की थी। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि चंदर सिंह ने बताया था कि वह दीपका कोरबा का रहने वाला था और घूमने के लिए दुबेई गांव आया था।

वहां स्कार्पियो में आधा दर्जन लोगों को लेकर जा रहे एक शख्स ने उससे पूछा था कि कोई स्वास्थ्य समस्या तो नहीं है..। चंदर सिंह ने पैर दर्द बताया तो उसे गाड़ी में बिठाकर सीधे अस्पताल पहुंचा दिया गया था। इलाज के दौरान उसे करीब सात दिन भर्ती रखकर इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी गई। जांच कमेटी को पता चला कि उसका सीएचएफ यानी दिल की गंभीर बीमारी (हार्ट पंपिंग की क्षमता कम होना) का पैकेज ब्लाक किया गया है। इस बीमारी के दौरान आईपीडी में भर्ती कर इलाज की आवश्यकता होती है। पैर दर्द के मरीज ने बताया कि उसका कोई ऑपरेशन नहीं किया गया था। उसके साथ पड़ोस गांव के मरीज भी लाए गए थे और बस्तर के मरीज भी पहुंचे थे। अस्पताल से मरीजों के डिस्चार्ज करने की एंट्री में गड़बड़ थी।

खबर संक्षेप

14 जुआरी गिरफ्तार, 72 हजार रुपए कैश जब्त



रायपुर। राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने एक किराना दुकान के पास जुआ खेल रहे 14 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 72 हजार 300 रुपए जब्त की है। पुलिस के अनुसार दीपक कालोनी में जुआ खेले जाने की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से हार जीत की रकम जब्त की गई।

मवेशी से टकराने से घायल युवक की मौत

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र में मंगलवार को तड़के एक बाइक चालक की सड़क पर बैठी गाय से टकराकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अमरदास कुर्रे बाइक में सवार होकर अपने साथी के साथ काम करने सिलतरा स्थित गोदावरी प्लांट जा रहा था। इस दौरान जरोदा मोड़ के पास सड़क पर गाय बैठी थी। युवक गाय से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

गर्लफ्रेंड से बात करने के विवाद में चाकू से हमला

रायपुर। मुजगहन थाना क्षेत्र में एक युवक ने दूसरे युवक पर गर्ल फ्रेंड से बात करने के विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। लीलाराम साहू ने सागर साहू के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि मंगलवार को शाम पांच बजे वो अपने घर के पास खड़ा था। इस दौरान आरोपी युवक पीड़ित के पास पहुंचा और उसे अपनी गर्ल फ्रेंड से बात करने को लेकर विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से वार कर घायल कर दिया।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में मॉक ड्रिल



रायपुर। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के गुजरा स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में बुधवार को ऑन-साइट लेवल-3 इमरजेंसी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी संभावित औद्योगिक आपातकालीन स्थिति के दौरान विभिन्न विभागों एवं आपदा प्रबंधन एजेंसियों के बीच समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव एवं राहत कार्यों की तैयारियों का परीक्षण करना रहा। मॉक ड्रिल के दौरान एसडीओपी माना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मंदिर हसौद एवं थाना स्टाफ द्वारा आवश्यक पुलिस व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित की गई। इस दौरान आईओसीएल के सेफ्टी अधिकारी एवं कर्मचारी, एसडीआरएफ, फायर एवं इमरजेंसी सेवा, रेलवे, एयरपोर्ट, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

चार डिब्बों में बांटकर अलग-अलग देना होगा कचरा, नियम तोड़े तो लगेगा जुर्माना

सुधरेगा कचरा सिस्टम, शहर बंटेगा चार हिस्सों में, 5000 बीट की रोज होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर शहर में कचरा उठाने से लेकर उसके निष्पादन तक की व्यवस्था अब नए तरीके से की जाएगी। भारत सरकार की प्रगति 50 योजना में देश के 50 शहरों को शामिल किया गया है। इनमें छत्तीसगढ़ से रायपुर और बिलासपुर शहर शामिल हैं। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने अब इसे 4 कलस्टर में बांटकर 5000 से अधिक बीट की नियमित रूप से प्रतिदिन निगरानी होगी। इन सभी बीट की निगरानी के लिए एक केन्द्रीय नियंत्रण केंद्र बनाया जाएगा, जहां से प्रतिदिन के रिपोर्टिंग की समीक्षा की जाएगी। कार्य करने वाली एजेंसी का भुगतान उसके परफार्मेंस और परिणाम के आधार पर किया जाएगा। यदि निर्धारित बीट में अपेक्षित सफाई नहीं हुई तो भुगतान में कटौती की जाएगी।

हरिभूमि सरोकार

श्री मिश्रा ने बताया कि नए नियमों के तहत ज्यादा कचरा पैदा करने वाले संस्थानों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। 20 हजार से अधिक वर्गमीटर या उससे ज्यादा क्षेत्रफल, रोज 40 हजार लीटर या उससे अधिक पानी की खपत या 100 किलो या उससे ज्यादा कचरा उत्पन्न करने वाली जगहों को बल्क जनरेटर माना जाएगा। चर्चा के दौरान पत्रकारों ने शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को लेकर आ रही शिकायतों और निगरानी व्यवस्था में खामियों को लेकर भी सवाल किए। जवाब में निगम आयुक्त ने बताया कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों के रूट को पूरी तरह डिजिटल किया जाएगा। प्रत्येक वाहन के लिए निर्धारित रूट और समय तय होगा। किस वाहन को किस क्षेत्र और किस घर के सामने पहुंचना है, इसकी निगरानी की जाएगी। निर्धारित रूट या समय में विचलन होने पर डिजिटल प्रणाली में तत्काल फ्लैट उत्पन्न होगा। यदि वाहन निर्धारित रूट से हटक किसी अन्य स्थान पर जाता है तो उसकी भी रियल टाइम निगरानी की जा सकेगी।

कचरा उठाने से लेकर निपटान की नए सिरे से होगी व्यवस्था

परफामेंस बेस पर होगा काम करने वाली एजेंसी को भुगतान



4 श्रेणी में इकट्ठा किया जाएगा कचरा

केंद्र सरकार के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू होने के बाद नए नियमों के तहत घरों और संस्थानों में कचरा अलग-अलग रखना होगा यानी अब कचरे को अब चार केटेगरी में कलेक्ट करने का सिस्टम रहेगा। पहली कैटगरी सूखा कचरा, दूसरी कैटगरी गीला कचरा, तीसरी केटगरी सेनेटरी और चौथी केटेगरी में स्पेशल ई कचरा को संग्रहित किया जाएगा। निगम की ओर से आम जनता को इस कार्य के लिए जागरूक करने और शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाएगा। यही नही स्कूल और कालेज के विद्यार्थियों को सबसे पहले स्वच्छता अपनाने के बारे में जागरूक किया जाएगा।

उद्योगों में कचरे से बने ईंधन का इस्तेमाल बढ़ेगा

सीमेंट प्लांट और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट जैसे उद्योगों में कचरे से तैयार ईंधन आरडीएफ का इस्तेमाल बढ़ाया जाएगा। इसके लिए ईंधन बदलने की दर को अगल 6 साल में पांच फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है।

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों की होगी ट्रैकिंग



- 250 से अधिक गाड़ियों से होगी शुरूआत
- इंदौर की सफाई गाड़ियों की ट्रैकिंग करने वाली एजेंसी को जिम्मा

रायपुर नगर निगम शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर रही सफाई गाड़ियों की ट्रैकिंग कराएगा। गाड़ी नंबर के हिसाब से अनुबंधित एजेंसी जीपीएस एप द्वारा गाड़ियों के रूट में चलने की रियल टाइम और स्पॉट पर गाड़ियों के खड़ा होने का सही समय बताएगी। इससे सफाई गाड़ियों की समय पर आने -जाने के समय और कचरा संग्रहण की वास्तविक स्थिति की सही जानकारी मिलने लगेगी। इसकी शुरूआत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर रही 250 से अधिक गाड़ियों में कराने की योजना है। सफाई के मामले में अग्रणी रहे इंदौर शहर के सफाई गाड़ियों की ट्रैकिंग का कार्य कर रही एजेंसी को इस कार्य का जिम्मा दिया गया है। जो कि रामकी कंपनी के सफाई गाड़ियों में अलग से जीपीएस लगाकर गाड़ियों का डाटा निकालेगी। शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, परिवहन और निष्पादन कार्य का ठेका लेने वाली एजेंसी रामकी के सफाई गाड़ियों की रियल टाइम मानिटरिंग के लिए नगर निगम सफाई वाहनों की ट्रैकिंग कराएगा। नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में अनुबंधित एजेंसी जीपीएस ट्रैकिंग एप के माध्यम से अलग-अलग रूट में चलने वाली डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियों के स्पॉट पर पहुंचने और वहां से कचरा कलेक्ट कर दूसरे स्पॉट पर जाने के समय की जानकारी देगी। इसके चलते सफाई गाड़ियों के समय पर कचरा कलेक्शन नहीं होने की शिकायत की वस्तुस्थिति पता लग सकेगी। यही नहीं कौन से स्थल पर गाड़ी कितने समय रूकी और कहां-कहां से कचरा कलेक्ट कर सेकंडरी पाइंट तक पहुंची इसका सारा ब्योरा निगम के संबंधित अधिकारियों तक समय रहते पहुंचेगा।

285 से अधिक गाड़ियां

विदित हो शहर भर में 285 से अधिक सफाई वाहन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए लगाई गई है। जो कि शहर के आवासीय और व्यवसायिक क्षेत्रों में लोगों के घरों व दुकानों से नियमित कचरा कलेक्शन का कार्य कर रही है।

घर की परेशानी दूर करने जालसाजों ने महिला से ठग लिए 15 लाख के जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंज थाना क्षेत्र के फाफाडीह में एक महिला को तीन जालसाजों ने बीमारी और घर की समस्याएं ठीक करने का झांसा देकर 15 लाख रुपए कीमत के 15 तोला सोने के जेवर और नौ हजार रुपए नकद ठग लिए। जालसाजों ने महिला से अलग-अलग समय में झांसा देकर जेवर लिए। वे किसी को जानकारी देने पर परिवार के सदस्यों की मौत या घर में अनहोनी होने की डर दिखाते रहे। महिला ने कई महीनों तक घटना की जानकारी पति और परिवार के अन्य सदस्यों को नहीं दी।

पुलिस के अनुसार फाफाडीह, जयलक्ष्मी कांपलेक्स निवासी जसवंत परमार की पत्नी के साथ ठगी की घटना हुई है। वे कंसल्टेंसी का काम करते हैं। उनका कार्यालय भिलाई में है। पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी है कि मार्च 2026 में सुबह करीब 11 बजे तीन साधु उनके घर के आसपास पहुंचे। उसके बाद उनकी पत्नी नैना परमार से बातचीत शुरू की और उन्हें उनकी बीमारी व आंखों की परेशानी के बारे में ऐसी बातें बताईं, जो उसे सही लगीं। इससे महिला को लगा कि साधुओं को उसके बारे में विशेष जानकारी है। इसके बाद तीनों घर के अंदर बैठकर बीमारी और पारिवारिक समस्याओं के बारे में बात करने लगे।


फाइल फोटो

- साधु बनकर तीन जालसाज ले उड़े 15 तोला सोने का जेवर
- एक सप्ताह पूर्व महिला ने पति को दी जानकारी, गंज थाना क्षेत्र की घटना

अंगूठी लेने के बाद हर 10-12 दिन में पहुंचने लगे

तंत्र क्रिया करने का झांसा देकर एक फर्जी साधु ने महिला से हाथ में तीन ग्राम की सोने की अंगूठी देने कहा। महिला ने अंगूठी के साथ अपने पास रखे नगदी नौ हजार रुपए जालसाजों के दे दिए। जालसाज महिला ने मोबाइल नंबर हासिल करने के साथ ही उनके यहां हर 10-12 दिन में पहुंचने लगे और महिला से तंत्र-मंत्र पूरी होने के बाद जेवर लौटाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया।

और जेवर मांगने पर मिली ठगी की जानकारी

शिकायत के अनुसार जालसाजों ने महिला से सात बार में जेवर हासिल किए। इसके बाद सात सितंबर से जालसाज महिला को लगातार फोन कर और सोने-चांदी के जेवर व नकदी मांगने लगे। महिला ने जेवर नहीं होने की बात कही, लेकिन फोन आते रहे। इससे उसे धोखाधड़ी का संदेह हुआ। इसके बाद 25 सितंबर को जसवंत काम से लौटे तो उन्हें उनकी पत्नी रोती हुई मिली। इसके बाद पत्नी ने अपने पति को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद महिला के पति ने केस दर्ज कराया।

जनरेशन कंपनी के एमडी कटियार के कार्यकाल में वृद्धि



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव कुमार कटियार के कार्यकाल में राज्य शासन ने पुनः वृद्धि की है। ऊर्जा विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में उनके कार्यकाल में 31 मार्च 2027 तक वृद्धि की गई है। श्री कटियार के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में वित्त वर्ष 2023-24 में एबीवीटीपीएस मारवा के प्लांट लोड फैक्टर को 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 84.4 प्रतिशत करना। इसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी 33 राज्य जनित निगमों में प्रथम स्थान पर रही। इसी तरह कोरबा पश्चिम ताप विद्युत संयंत्र में जटिल स्टेशन नियंत्रण एवं इंस्ट्रूमेंटेशन सिस्टम के नवीनीकरण का कार्य महज 46 दिनों में पूरा किया गया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक श्री कटियार प्रमाणित ऊर्जा लेखा परीक्षक हैं तथा उन्होंने प्रबंधन में डिप्लोमा भी प्राप्त किया है।

सराफा कारोबारी की आंखों में स्प्रे डालकर डकैती की कोशिश, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तीन माह पूर्व आरंग थाना क्षेत्र की घटना एक आरोपी ओडिशा जेल में बंद है

आरंग थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व दुकान बंद कर रहे सराफा कारोबारी की आंख में स्प्रे डालकर लूट की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी ओडिशा जेल में बंद है। डकैती की कोशिश शहर के हृदयस्थल बाजार चौक के पास पांच जून को रात नौ बजे के करीब हुई थी।

डकैती की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने सलीम कुर्रे, फिरोज बंजारे, दिव्यांश प्रतीक घिदौड़े, रवि कुमार निषाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी महासमुंद, भानसोज के रहने वाले हैं। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी आशुतोष उर्फ आशु मोहंती वर्तमान में ओडिशा की जेल में बंद है। सलीम कुर्रे पूर्व में महासमुंद में 10 लाख रुपए लूट के आरोप में जेल जा चुका है। डकैती की कोशिश गुरुकृपा ज्वेलर्स के संचालक चंद्रहास देवांगन के साथ हुई थी।



योजना बनाकर डकैती की कोशिश

डकैती डालने बदमाशों ने दुकान की रेकी की थी। घटना दिनांक को कारोबारी दुकान बंद कर रहा था। इस दौरान बदमाशों का एक साथी फिरोज बंजारे ने पॉवर कट की। इसके बाद दिव्यांश प्रतीक घिदौड़े ने अपने अन्य साथियों को कारोबारी के दुकान के बिजली कट होने की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद बाइक सवार तीन बदमाश कारोबारी की आंख में स्प्रे डालकर उसे धक्का देकर गिरा दिए। कारोबारी के गिरने के बाद बदमाश उसके हाथ से बैग लूटने की कोशिश करने लगे। कारोबारी के शोर मचाने पर आस-पास के लोग एकत्रित होने लगे। इसके बाद सभी बदमाश मौके के फरार हो गए। आरोपीयों को पुलिस ने घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है।

मेडिकल-डेंटल की सीटों के लिए तीसरा राउंड का पंजीयन आज से, 424 सीटें हैं बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एमबीबीएस की 198 और बीडीएस की 226 सीटें शेष, संस्था चयन 7 अक्टूबर तक

दूसरे राउंड के बाद भी मेडिकल और डेंटल कालेजों में खाली बची यूजी सीटों के लिए तीसरे राउंड का पंजीयन 1 अक्टूबर से होगा। तीसरे यानी मॉपअप राउंड में कुल 424 सीटें शामिल होंगी। इसमें एमबीबीएस की 198 तथा बीडीएस की 226 सीट शेष हैं। इसके लिए संस्था चयन की प्रक्रिया 7 अक्टूबर तक पूरी की जाएगी।

राज्य में नर्सिंग को छोड़कर शेष पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मेडिकल और डेंटल कालेजों में प्रवेश के दौर का तीसरा चरण एक अक्टूबर से शुरू होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक इसके लिए नए पात्र अभ्यार्थियों के पंजीयन के साथ पुराने सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके लिए 7 अक्टूबर अंतिम तारीख तय की गई है। पंजीयन के बाद अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में स्क्रूटनी और प्रवेश का काम पूरा किया जाएगा। दूसरे राउंड में प्रवेश की सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद के 15शासकीय समेत कुल 21 चिकित्सा महाविद्यालयों में बाकी एमबीबीएस की 198 तथा बीडीएस की कुल 226 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के बाद भी अगर सीटें रिक्त रहती है तो इसके लिए स्ट्रे राउंड का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि फॉलोअप

सरकारी की 16 सीटें बाकी

तीसरे राउंड के लिए सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों की 16 सीट रिक्त हैं। इसमें शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर की 8, बिलासपुर और दुर्ग की 2-2, राजनांदगांव, मनेन्द्रगढ़, जशपुर और अंबिकापुर की 1-1 सीट शामिल है। दिलचस्प बात यह है कि पुराने कालेजों के साथ इसी साल अस्तित्व में पांच में से तीन कालेजों में दूसरे राउंड में ही एडमिशन पूरा हो चुका है। वहीं शासकीय डेंटल कालेज में 33 सीटें रिक्त बची हुई हैं।



एनआरआई की 94 सीटें

निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में एनआरआई की 94 सीटें बाकी हैं। इसे मिलाकर निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में कुल 182 सीटें शेष हैं। मेडिकल की तरह डेंटल के निजी कालेजों में थोक में सीटें रिक्त हैं। इनमें एडमिशन के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को स्पेशल राउंड का आयोजन भी करना पड़ सकता है। मेडिकल कालेजों की संख्या बढ़ने की वजह से तीसरे राउंड के लिए इस बार कुछ ज्यादा सीटें बाकी हैं।



हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



वृद्धजनों को एक उम्र के बाद जो चाहिए, वह सभी सुविधा शहर के कई वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों को मिल रही है। कहना है चितवन वृद्धाश्रम में रहने वालों का। वृद्धजनों ने बताया कि सुबह से शाम तक का रूटीन तय है। मनोरंजन के लिए लूडो और कैरम खेलते हैं। सुबह योगाभ्यास और पूजन से दिन की शुरुआत होती है। शाम को चाय पर चौपाल के लिए भी समय तय है। इसमें अपने अच्छे अनुभव को साझा करते हैं। संवाद के बाद भोजन का समय तय है। यहां घर-परिवार सा वातावरण मिलता है, कभी-कभी अतिथि के रूप में कई संस्थाओं से जुड़े लोग भी परिवार के साथ आते हैं।







लूडो, कैरम खेलते हुए आश्रम में मनोरंजन, योग सहित सुबह पूजन और शाम को चाय पर चौपाल, संवाद के बाद भोजन

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस : आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों ने कहा मिलता है घर-परिवार सा वातावरण, आते हैं अतिथि

रायपुर। स्मार्ट सिटी में सुविधा के साथ सरोकार से जुड़कर सेवा कार्य करने के लिए लोग भी आगे आ रहे हैं। यही वजह है कि शहर के अलग-अलग क्षेत्र में वृद्धजनों की सेवा के लिए आश्रमों का संचालन कई संस्थाओं ने भी शुरू किया है। इस कड़ी में टिकरापारा में तालाचंद बिमलादेवी फाउंडेशन ने 2014 में चितवन वृद्धाश्रम शुरू किया। समाजसेवी राजेश अग्रवाल की पहल से अभी 35 वृद्धजन जुड़े हैं। आश्रम की व्यवस्था का संचालन करने वाले प्रशांत पांडेय ने बताया कि सुबह 6 बजे उठने के बाद 6 से 7 के बीच टहलना और दैनिक क्रिया के बाद 7 से 8 बजे के बीच योगाभ्यास एवं व्यायाम का शेड्यूल है। इसके बाद चाय-बिस्किट के बाद स्नान और इसके बाद आधे घंटे तक आरती-पूजन करते हैं। बाद में नाश्ता करने के बाद 10 से 11 बजे तक अपने आस-पास होने वाली जानकारी के लिए समाचार पत्रों का अवलोकन करते हैं। 11 से 1 बजे के बीच सभी दैनिक एक्टिविटी के रूप में लूडो, कैरम जैसे गेम खेलते हुए मनोरंजन करते है।



रखते हैं माता-पिता सा ध्यान

चितवन में रहने वाले कैलाश त्रिपाठी ने बताया कि विगत 6 साल से आश्रम में हूं। यहां घर जैसा ध्यान रखने के लिए बनाई गई व्यवस्था में जिनकी सेहत सही नहीं, ऐसे भाई-बहनों का इलाज और दवा भी समय पर किया जाता है। समय-समय पर डाक्टर जांच करने के लिए भी आते हैं। जब कोई मिलने के लिए परिवार के साथ आता है, तो एक समय के लिए लगता है, जैसे घर में अतिथि आए हैं। मिलने के लिए आने वाले लोगों में कई ऐसे भी लोग हैं, जिनसे बेटे-बेटियों सा स्नेह मिलता है। उन्होंने बताया कि पहले का जीवन कैसा था, इसे अब हम याद भी नहीं करते हैं। उर्मिला देवांगन ने बताया हम उम्र बहन-भाई साथ होने से संवाद भी होते हैं।

आश्रमों में रहने वालों ने साझा की यादें

चितवन, संजीवनी, लायंस क्लब श्याम नगर स्थित आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों का मत है कि प्रदीप अदमने, मदन चोपड़ा, शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि जहां लोग अपनों से किनारा कर रहे हैं। ऐसे दौर में वृद्धजनों को सम्मान के साथ जीने का अवसर देना आसान नहीं है। यहां आसपास के लोग भी हमारे साथ जन्मदिन, शादी की सालगिरह को सेलिब्रेट करने के लिए आते हैं। उनके साथ समय बिताते हुए घर-परिवार में बनने वाले खास पल का एहसास भी मिलता है। हममें से किसी की तबीयत खराब होने पर डाक्टर आते हैं। उनसे मिलने वाली दवाओं का सेवन भी तय समय पर करवाते हैं।

मनोहर जीवन कल्याण निवास में चौपाल

आर्टिस्टिक वाइब्स फाउंडेशन की संस्थापिका तृप्ति लुनिया ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 14 दिसंबर 1990 को एर अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इसके बाद लोगों में सेवा भावना आई, ऐसी बात नहीं है। लोगों की सेवा की परंपरा सदियों से निभाई जा रही है। किराए के मकान से मनोहर जीवन कल्याण वृद्ध निवास का संचालन शुरू करने के बाद करीब सालभर पहले दान में प्राप्त हुई जमीन पर वृद्ध निवास शुरू किया गया। इस निवास में केयर टेकर के रूप में कल्प जैन मिले। उनके साथ वृद्धजनों के कक्ष में जाने पर सभी शाम को चाय पीने के बाद चौपाल की तर्ज पर आपस में संवाद करते नजर आए। निवास में रहने वाले वृद्धजनों के लिए सर्व सुविधायुक्त कमरा और मनोरंजन के लिए भी दोपहर और शाम का समय तय है।



सिटी इवेंट

नए आइडियास के इनोवेशन के लिए स्टूडेंट्स को किया प्रेरित



रायपुर। एनआईटी में वाट्स नेक्स्ट आईडियाथान का आयोजन किया गया है। यह आयोजन संस्थान के रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियर्स स्टूडेंट चैप्टर द्वारा किया जा रहा है। बुधवार इस दो दिवसीय वाट्स नेक्स्ट आईडियाथान का आगाज हुआ। इस आइडियाथोन का उद्देश्य ऊर्जा, पर्यावरण और सतत विकास से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों की पहचान कर उनके व्यावहारिक और नवाचारपूर्ण समाधान तलाशना हैं। इस आइडियाथोन के उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस प्रबंध संचालक छग टूरिज्म बोर्ड सौमिल रंजन चौबे उपस्थित रहे।



विशिष्ट अतिथि के रूप में एनआईटी रायपुर के प्रभारी निदेशक प्रो. समीर बाजपेयी मौजूद रहे। एनआईटी रायपुर के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में प्रबंध संचालक छग टूरिज्म बोर्ड सौमिल रंजन चौबे ने संस्थान के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए नवाचारों को प्रभावी समाधान में परिवर्तित करने के लिए स्केलेबिलिटी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को संस्थान में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने, पूर्व छात्रों से मार्गदर्शन लेने, जिज्ञासु बने रहने तथा ऐसे समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया, जिन्हें व्यापक स्तर पर लागू किया जा सके और जो समाज एवं दुनिया के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकें।

देश भर से 50 टीमों की भागीदारी

कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न संस्थानों से आई 50 टीम भागीदारी निभा रही है। विद्यार्थियों को नए आइडियास के इनोवेशन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रो. मजूमदार ने विभाग की गौरवशाली परंपरा और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विश्वास व्यक्त किया कि युवा प्रतिभागी अपनी नई सोच और रचनात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से आइडियाथोन में नवीन समाधान प्रस्तुत करेंगे। प्रो. बाजपेयी ने विद्यार्थियों में समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने वाली इस पहल की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने समाधानों में तकनीकी पहलुओं के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक तथा अन्य बहुआयामी कारकों को भी ध्यान में रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस दौरान एनआईटी रायपुर के रजिस्ट्रार डॉ नरेंद्र डी. लोंढे, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बिद्युत मजुमदार, फैकल्टी मेम्बर्स, स्टूडेंट कोऑर्डिनेटरस और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का समन्वय रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. धर्म पाल, डॉ. जे. आनंद कुमार एवं डॉ. चंद्रकांत ठाकुर द्वारा किया जा रहा है। डॉ. पाल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आइडियाथोन का परिचय दिया और इसकी थीम को सतत विकास लक्ष्यों पर केंद्रित बताया।

घरों के गार्डन में लगे पौधों को हरा-भरा व फलते-फूलते रखने के लिए दें सही पोषण

रायपुर। घरों के गार्डन में लगे पौधों को हरे-भरे व फलते-फूलते रखने के लिए उनके सही पोषण का ख्याल रखना होता है। ऐसे में समय पर पौधों के लिए उचित खाद और सिंचाई जरूरी है। आमतौर पर हर घर में ग्राउंड गार्डन या बालकनी, किचन गार्डन होता है। इनके पौधों में हरे-भरे, ग्रोथ, फल, फूल के विकास को बरकरार रखने के लिए किचन से निकले वेजिटेबल्स के वेस्ट से खाद व वाशिंग वाटर से सिंचाई किया जा सकता है। ऐसे ही कुछ नवाचार शहर की अमलीडीह निवासी अंजना तिवारी ने अपने घर पर लगे गार्डन व गमलों के पौधों के लिए अपने किचन वेस्ट से खाद और सब्जियां धोने की पानी से सिंचाई कर रहे हैं। अंजना तिवारी ने बताया कि उनके गार्डन के कई पौधों में सूखने की समस्या शुरू हो गई थी। वहीं, फलदार पौधों में फल-फूल नहीं आ रहे थे। ऐसे में शहर के उद्यानिक विशेषज्ञों के वर्कशॉप अटैंड कर व यू-ट्यूब पर वीडियो से गार्डन के पौधों के लिए किचन वेस्ट से खाद व सिंचाई की प्रक्रिया जानी। इसके बाद गार्डन के पौधों के लिए घर के किचन से ही खाद बनाने लगी। अब मेरे गार्डन के पौधे एकदम हरे-भरे व फल-फूल रहे हैं। गार्डनिंग या फिर घर पर गमले में पौधे लगाने का शौक रखते हैं, उनके लिए किचन वेस्ट से खाद बनाने का तरीका बहुत ही आसान है। इससे पौधों के असमय ही मुरझाने की समस्या से निजात मिल जाएगी।





पौधों को हरा-भरा रखने विशेषज्ञों के टिप्स

शहर में गार्डन व उद्यानिकी के विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह बताते हैं कि गमले या गार्डन में लगे पौधे को हरा-भरा बनाए रखने के लिए जरूरी है कि गमले की मिट्टी की समय-समय पर जांच करते रहें। पौधे की सिंचाई सही समय पर करें। धूप और हवा का विशेष ध्यान रखें। पौधे की पत्तियां सूख रही हो तो उन्हें तुरंत शाखा से हटा दें।

रंगोली कला में सेवा संकल्प के भाव के साथ प्रकृति और संस्कृति को उकेरा

रायपुर। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा अभियान के अंतर्गत सेवा संकल्प, सृजनात्मकता और सामुदायिक सहभागिता विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ गुंजन जैसवानी ने बताया कि कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. वैभव तिवारी, फार्मेसी संकाय की अधिष्ठाता डॉ. स्वर्णाली दास पॉल, डॉ. हेमंत बडवाइक, डॉ. आशीष पांडे उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता और कार्यक्रम के आयोजन में संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामूहिक कार्य, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक रंगोली कला के माध्यम से सेवा, सामुदायिक कल्याण, सामाजिक उत्तरदायित्व और आपसी एकता से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों का उपयोग करते हुए रंग-बिरंगी, नवाचारी और सार्थक रंगोलियां बनाईं।



कार्नर न्यूज

एजुकेशन, मनोरंजन और एडवांस लाइफ स्टाइल को लेकर जेन-जी में बढ़ा क्रेज

स्मार्टवॉच, फिटनेस ट्रैकर, वीआर हेडसेट, कैमरा प्रिंटर वाले गैजेट्स युवाओं की बनी पहली पसंद

रायपुर। शहर के युवाओं में स्मार्ट गैजेट्स तेजी से ट्रेंड कर रहा है। इसकी वजह स्मार्ट एजुकेशन, मनोरंजन और एडवांस लाइफ स्टाइल में उपयोग का होना है। नई एआई टेक्नोलॉजी आने के बाद से स्मार्ट गैजेट्स की मार्केट में उपलब्धता व डिमांड दोनों में इजाफा हुआ है।जय स्तंभ चौक रविभवन में स्मार्ट गैजेट्स के विक्रेता विजय सिंघानिया ने बताया कि युवा वर्ग मोबाइल आइटम से जुड़े स्मार्ट गैजेट्स जो उन्हें बेहतर से बेहतर एजुकेशन, कम्यूनिकेशन, इंटरटेनमेंट की सर्विस उपलब्ध कराए, उन गैजेट्स को कैरी कर रहे हैं। स्मार्ट गैजेट्स का सलेक्शन करते समय युवा ब्रांड, हेल्थ पर कम से कम इफेक्ट डालने वाले गैजेट्स को जज कर रहे हैं।

स्मार्ट गैजेट्स के विक्रेता का कहना है कि इन स्मार्ट्स गैजेट्स में स्मार्ट वॉच और फिटनेस ट्रैकर ये स्मार्ट वॉच और फिटनेस ट्रैकर लेदर स्ट्रैप और विभिन्न डिजाइन में उपलब्ध हैं। इसके अलावा एआई-सक्षम स्मार्ट स्पीकर और वीआर हेडसेट यूथ के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। स्मार्ट गैजेट्स पर युवाओं की निर्भरता संचार, शिक्षा और मनोरंजन को आसान बनाने बढ़ रही है। यह गैजेट्स मनोरंजन, संचार और सूचना तक पहुंच प्रदान करते हैं, जो युवाओं को दुनिया से जोड़ रहे हैं। ऑनलाइन शिक्षा और जानकारी तक पहुंच ने डिजिटल उपकरणों को युवा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बना दिया है। स्मार्टफोन और अन्य डिवाइस अब युवाओं की जीवनशैली का एक अभिन्न अंग बन गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी की शॉप पर एक से बढ़कर एक युवाओं की पसंद के अनुरूप नई टेक्नोलॉजी से लैस स्मार्ट गैजेट्स उपलब्ध हैं।





प्रोजेक्ट वर्क के लिए फोटोग्राफी गैजेट्स

फोटोग्राफी गैजेट्स बच्चों के लिए खासतौर पर कैमरा-प्रिंटर वाले गैजेट्स उपलब्ध हैं, जो प्रोजेक्ट वर्क में भी मदद करते हैं। बॉम्बो जॉइंट ग्लास कप, कांच के बने ये कप और स्ट्रॉ वाले आइटम डेकोरेटिव गिफ्ट आइटम के तौर पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, युवा अपने मोबाइल व स्मार्ट गैजेट्स से घरों की सिक्योरिटी, लाइट्स व सीसीटीवी कैमरों का प्रबंधन भी कर रहे हैं। इनमे विभिन्न रंग बदलने वाली लाइटें और टच-सेंसिटिव एसेसरीज भी उपलब्ध हैं, जो घर की सजावट को बढ़ाती हैं। इनमें मल्टीकलर और आरजीबी लाइट वाले विकल्प उपलब्ध हैं, जो घर को आकर्षक बनाने के लिए टच या रिमोट से ऑपरेट की जा सकती हैं।

1000 से 50000 रुपए तक कीमत

स्मार्ट गैजेट्स की कीमतें कम से कम 1000 रुपए से लेकर 50000 रुपए तक या उससे अधिक तक भी होती हैं। राजधानी के रवि भवन, एमजी रोड, लालगंगा भवन, जयस्तंभ चौक स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स एंड स्मार्ट्स गैजेट्स शॉप पर विभिन्न टेक्नोलॉजी, कीमत के स्मार्ट गैजेट्स उपलब्ध हैं, जहां बड़ी मात्रा में खरीदी-बिक्री हो रही है।

समाज लाइव

गौमाता को सम्मान दिलाने और नशामुक्ति पर संवाद



नशामुक्ति और धार्मिक सद्भाव पर दिया जोर

संत समाज ने युवाओं और समाज को नशे से दूर रखने के लिए अभियान चलाने की जरूरत बताई। विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच आपसी भाईचारे एवं सद्भाव को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। संत समिति के सदस्य, संत समाज के प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकार को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। इसमें प्रमुख रूप से संत युधिष्ठिर लाल, महंत देवदास जी महाराज, महंत वेद प्रकाश जी महाराज, डॉ स्वामी राजेश्वरानंद महाराज, साध्वी सौम्या सखी, निराहार संत स्वामी गौतमानंद महाराज ,महामंडलेश्वर जितेश्वरानंद,भगवताचार्य सत्यनारायण महाराज,भागवताचार्य मनोज दास, रुपेश महाराज, रविन्द्र शास्त्री, भारत नाथ योगी महाराज ,भागवताचार्य हिमांशु महाराज ने संवाद किया।

रायपुर। संत समिति रायपुर एवं संत समाज की एक अहम बैठक बुधवार को खम्हारडीह स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। इसमें धार्मिक और सामाजिक सरोकार से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में पितृ पक्ष के दौरान मोक्ष तर्पण के विशेष आयोजन, गौमाता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने, नशा मुक्ति अभियान और धार्मिक सद्भावना को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई। संत समाज द्वारा पितृ पक्ष के दौरान विशेष मोक्ष तर्पण आयोजित किए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। आयोजन के उद्देश्य, स्वरूप और समाज की सहभागिता को लेकर भी चर्चा हुई। इसमे गौ संरक्षण और गौ सेवा से जुड़े विषयों पर भी संतों ने अपने विचार रखे।

सिटी लाइव

इनडोर में आज सियान सेवा महाकुंभ, फनकार देंगे प्रस्तुति



सुबह 11 बजे किया जाएगा आयोजन का आगाज

रंगसाधक प्रसन्न निमोणकर ने बताया कि प्रतिभाशाली सुरीले वरिष्ठजनों के लिए इनडोर स्टेडियम में आयोजित महाकुंभ में गाना गाते हुए हजारों लोगों के बीच अपनी पहचान कायम करने का अवसर मिल रहा है। इसके लिए बकायदा ऑडिशन के माध्यम से प्रसन्न निमोणकर सहित हेमंत मार्डीकर, प्रकाश मरकले, दिव्या पात्रीकर और भावेश कोठारी का चयन भी किया जा चुका है। इनडोर स्टेडियम में सुबह 11:30 बजे 'सियान सेवा महाकुंभ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमें सीएम विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। समाज कल्याण विभाग एवं बाल कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े अध्यक्षता करेंगी। अति विशिष्ट अतिथियों में मंत्री केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, लक्ष्मी वर्मा, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, राजेश मूणत, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, इंद्रकुमार साहू, महापौर मीनल चौबे शामिल होंगी।

रायपुर। सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में गुरुवार को एक संगीतमय आयोजन होगा। 'सियान सेवा महाकुंभ में महाराष्ट्र मंडल की वरिष्ठ प्रतिभाओं की एक से बढ़कर एक सुमधुर प्रस्तुतियां होंगी। इसके लिए बुधवार शाम साढ़े पांच बजे से महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ गायकों-गायिकाओं ने भी ऑडिशन दिए और उन्हें सलेक्टर्स की ओर से परफार्मेंस को लेकर सकारात्मक जवाब भी मिले। समाज कल्याण विभाग की ओर से 'सियान सेवा महाकुंभ 'में शामिल होने के लिए मंडल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इसकी बड़ी वजह छत्तीसगढ़ के पहले सियान गुड़ी का शुभारंभ महाराष्ट्र मंडल ने ही किया, माना जा सकता है। सियान गुड़ी का संचालन मंडल की ओर से आज भी बेहद अनुशासित व आदर्श तरीके से किया जा रहा है।

धर्म लाइव

अमावस्या पर पितरों की मुक्ति के लिए होगा सामूहिक श्राद्ध- तर्पण

साधकों को दी जाएगी सामग्री करवाना होगा रजिस्ट्रेशन

इसलिए गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा सामूहिक आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। गायत्री परिवार द्वारा पूरी व्यवस्था दी जाती है। पितृ अमावस्या के दिन गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में सुबह 9 बजे से सामूहिक पिंडदान, तर्पण और श्रद्धा पूजन प्रारंभ होगा। इसमें शामिल होने वाले सभी साधकों के समस्त पूजा सामग्री की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गायत्री शक्तिपीठ, समता कॉलोनी में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक चालू है। अधिक जानकारी के लिए शक्तिपीठ कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। ट्रस्ट ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि इस अवसर का लाभ उठाकर अपने पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित करें और उनके आशीर्वाद से अपने परिवार में सुख-समृद्धि लाएं।

रायपुर। पितृपक्ष के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में पितृ अमावस्या के दिन भव्य सामूहिक श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर गायत्री परिवार ट्रस्ट, समता कॉलोनी द्वारा सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन भी प्रारंभ हो चुका है। प्रति वर्ष की तरह इस बार भी सैकड़ों परिवार अपने पितरों की आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए इस सामूहिक आयोजन में शामिल होंगे। गायत्री परिवार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि-विधान से यह आयोजन करवाया जाएगा। इस संबंध में गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस और व्यवस्था प्रभारी ट्रस्टी दीनानाथ शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि 10 अक्टूबर को पितृपक्ष में पितरों के निमित्त किया गया श्राद्ध-तर्पण सीधे पितरों तक पहुंचता है।

विप्र महाविद्यालय में फ्रेशर्स जंक्शन उड़ान-2026 का भव्य आयोजन

कॉलेजों में फ्रेशर पार्टी की धूम, जूनियर के डिस्को डांस पर सीनियर्स की क्लैपिंग

विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में फ्रेशर्स जंक्शन उड़ान-2026 का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह में सीनियर विद्यार्थियों ने डांस और सॉन्ग के माध्यम से ग्रैंड वेलकम किया। वहीं सांस्कृतिक मंच पर जूनियर विद्यार्थियों ने अपना परिचय धमाकेदार डांस, सॉन्ग की परफार्मेंस के साथ दिया।



रायपुर। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं ने अपने गजब की कला प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। जूनियर विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक क्लास को मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर का चयन सीनियर विद्यार्थियों ने किया और उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, विप्र पब्लिक स्कूल शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुबीर तिवारी शामिल हुए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि फ्रेशर्स जंक्शन उड़ान-2026 के साथ प्रावीण्य सम्मान समारोह का आयोजन करके नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नई उड़ान के लिए प्रेरणा देना चाहते हैं। पढ़ाई लिखाई में अव्वल रहने के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में आगे रहने वाले विद्यार्थियों को विप्र कॉलेज स्थापना वर्ष 1996 के बाद से सम्मानित करते आ रहा है। अपने सीनियर विद्यार्थियों से प्रेरणा ले, उनसे सीखे और मार्गदर्शन प्राप्त करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो समारोह का आयोजन सार्थक हो जाता है।

दानदाताओं के स्मृति में छात्रवृत्ति प्रदान की गई

इस अवसर पर सुबीर तिवारी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य को ध्यान रखते हुए निरंतर अध्ययनशील रहना ही सफलता का रहस्य है। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि प्रावीण्यता के आधार पर 20 विद्यार्थियों को दानदाताओं के स्मृति में छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी खिलाड़ी सम्मान किक बॉक्सिंग के अंतरराष्ट्रीय प्लेयर बीपीएड के स्टूडेंट राजकुमार निर्मलकर, शहीद भास्कर दीवान सम्मान वाणिज्य संख्या के छात्रा लक्ष्मी पाठक, शहीद राजीव पांडेय सम्मान शिक्षा विभाग के छात्र सागर सिंह गुर्जर को प्रदान किया गया। डॉ. बालकृष्ण शर्मा सर्वश्रेष्ठ छात्र सम्मान एमपीएड में पं. रविशंकर विश्वविद्यालय मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले और वॉलीबॉल इंटर जोन इंटर यूनिवर्सिटी में पांच बार हिस्सा लेने वाली छात्रा श्रद्धा को प्रदान किया गया।



श्री फ्रेशर और मिस फ्रेशर का जीता खिताब

बीसीए फर्स्ट में बॉयज कौशल सिका, गर्ल्स याशिका दुबे ,पीजीडीसीए बॉयज धनेश्वर , गर्ल्स खुशबू साहू ,बीएड से श्री फ्रेशर ओम प्रकाश साहू, मिस फ्रेशर गीता विश्वास , बीपीईएस अमन कुमार धीवर, गर्ल्स अदिति नायक, बीपीएड फर्स्ट सेमेस्टर बॉयज भी, गर्ल्स दिशा, एमपी एड से प्रखर पाठक, गर्ल्स सृष्टि मिश्रा, योग से बॉयज तुषार यादव, गर्ल्स ममता सोनवानी बीकॉम प्रथम सेमेस्टर से मिस फ्रेशर निशा देवांगन एवं वेदिका श्री फ्रेशर विवेक तुलसीकर एवं दीपक अहिवार बीबीए प्रथम सेमेस्टर से अपराजिता शुक्ला और मिस्टर फ्रेशर खुमान साहू को चुना गया।

कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

समारोह का संयोजन डॉ. आराधना शुक्ला एवं संचालन डॉ. निधिश्री शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के महासचिव सुरेंद्र शुक्ला, प्रो. उषा दुबे, चंद्रशेखर शुक्ला, आलोक शर्मा ,सुनील पांडेय और प्रो. रेखा दीवान समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्टूडेंट्स ने डांस, गेम्स, फन से जमाया रंग, फ्रेशर पार्टी बनी यादगार



कालीबाड़ी स्थित गुरुकुल महिला महाविद्यालय में 'फ्रेशर पार्टी-2026' का आयोजन किया गया। बुधवार को संस्थान के कल्चरल डिपार्टमेंट द्वारा सत्र 2026-27 की नवप्रवेशी छात्राओं के स्वागत के लिए रंगमंदिर गांधी चौक में भव्य 'फ्रेशर पार्टी 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात सीनियर छात्राओं ने अपनी जूनियर सहेलियों के स्वागत में रंगारंग व मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सीनियर्स ने आकर्षक डांस परफॉर्मेंस से पूरे सभागार को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। आपसी परिचय व सौहार्द बढ़ाने के लिए कई रोचक खेल और फन एक्टिविटीज का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न टाइटल्स की प्रतियोगिता रही। छात्राओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा और परिधान के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया।

मिस गुरुकुल- 2026 बनी समीक्षा

मिस बी.कॉम अनुराधा मन्ना, मिस बीसीए हीना बघेल, मिस बीएससी देविका पटेल, मिस गुरुकुल- 2026 समीक्षा महंती ने अपने नाम किया। सभी विजेता छात्राओं को ताज और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें महाविद्यालयीन जीवन में अनुशासन बनाए रखने, कड़ी मेहनत करने और नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

हॉकी लीग : ट्रायल में 130 खिलाड़ी शॉर्ट लिस्ट 8 को प्लेयर ड्राफ्ट, कोटा स्टेडियम में भी रौनक

रायपुर। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग (सीएचएल) 2026 के पहले सीजन के लिए आयोजित दो दिवसीय चयन ट्रायल के चलते सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में ट्रायल के लिए 373 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 223 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया और खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद 130 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इस ट्रायल के चलते दो दिनों तक ट्रायल में सभी खिलाड़ियों ने पसीना बहाया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र से आए खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में हिस्सा लिया और लीग के पहले सीजन में जगह पाने के लिए प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों के खेल कौशल, प्रदर्शन और निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। दो दिवसीय ट्रायल का आयोजन हॉकी छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया। हॉकी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव फिरोज अंसारी सहित प्रशिक्षकों की उपस्थिति में चयनित सभी खिलाड़ियों को अब 08 अक्टूबर को लीग के पहले सीजन के लिए टीम गठन की दिशा में अगला चरण सौएचएल प्लेयर ड्राफ्ट होगा।



कोटा में अलग-अलग विधा में ट्रायल, आज होगा चयन

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में गैर-आवासीय खेल अकादमी में खिलाड़ियों के प्रवेश (नवीनीकरण एवं नवीन प्रवेश) के लिए दो दिवसीय चयन ट्रायल जारी है। ट्रायल के प्रथम दिवस फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) वर्ग के पंजीकृत खिलाड़ियों का शारीरिक दक्षता एवं परीक्षण आयोजित किया गया। पहले दिन की प्रक्रिया में विभागीय अधिकारियों व विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की देखरेख में खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण तथा चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। इसके चलते स्टेडियम में उत्साह का माहौल रहा। शारीरिक दक्षता परीक्षण के तहत खिलाड़ियों का हाइट,, वर्टिकल जम्प, 30 मीटर दौड़, शटल रन, बॉल थ्रो, 800 मीटर दौड़ एवं सीट-अप जैसी गतिविधियों का आंकलन किया जा रहा है। अलग-अलग विद्या में 144 बालक-बालिकाओं का पंजीयन एवं परीक्षण किया गया है। गुरुवार को उनका कौशल परीक्षण होगा।



ट्रायल में बाहर हुए खिलाड़ियों को अभ्यास करने सलाह

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि 'किसी भी हॉकी खिलाड़ी के लिए इससे बड़ा प्रोत्साहन और क्या होगा कि ट्रायल के बीच खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल प्रेमियों ने भी उत्साह दिखाया। इसमें बस्तर से सरगुजा तक, इन ट्रायल को मिला उत्साह बताता है कि हॉकी छत्तीसगढ़ के दिल में बसती है। इन दो दिनों में मैदान पर उतरे हर खिलाड़ी ने प्रदेश का मान बढ़ाया है। जिनका नाम इस बार सूची में नहीं आया, उनसे अभ्यास जारी रखने कहा गया। यह लीग का पहला सीजन है, आपका मौका भी जरूर आएगा। इस भाव से उनकी कमियों को दूर करने सलाह दी गई।

नवप्रवेशितों को छात्रावास की व्यवस्था बताने की गई पहल



रायपुर। शासकीय डिग्री गर्ल्स कॉलेज के छात्रावास में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए अभिमुखीकरण का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जया तिवारी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहीं। आयोजन का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्राओं को छात्रावास की व्यवस्था, नियमों, अनुशासन, सुरक्षा व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना तथा उन्हें छात्रावास जीवन के प्रति जागरूक करना था। इसमें छात्रावास की वार्डन डॉ. प्रीति कंसारा, छात्रावास प्रबंधन समिति की संयोजक डॉ. अनीता दीक्षित, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वैभव आचार्य एवं स्वशासी प्रकोष्ठ नियंत्रक डॉ. ऋचा टीकरिहा सहित छात्रावास निगरानी समिति एवं एंटी रैगिंग समिति के सदस्य सहित सभी सह-वार्डन उपस्थित रहे। इस बीच छात्राओं को छात्रावास की समय-सारणी, स्वच्छता के साथ अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण, सुरक्षा एवं विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई।

आपसी सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए

छात्राओं को छात्रावास के नियमों का पालन करने, आपसी सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। इस सफल आयोजन में डॉ अलका तिवारी, डॉ. विनिता साहू, डॉ. प्रिया देवांगन एवं डॉ. कैरोलिना का विशेष योगदान रहा। छात्रावास की वरिष्ठ छात्राओं ने भी नवप्रवेशित छात्राओं के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में अनुशासन, जिम्मेदारी, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सकारात्मक सह-अस्तित्व की भावना विकसित करना था। इसके साथ ही स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए छात्राओं को व्यवस्था की जानकारी देना था।

शासकीय स्कूलों में सुविधा बढ़ाने की परियोजना के तहत रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस की पहल

कार्नर न्यूज

स्कूल के विद्यार्थियों को मिली "इंद्रधनुष लाइब्रेरी", शिक्षा सामग्री के साथ ही बेहतर वातावरण देने डोनेट किए पंखे

रायपुर। शासकीय स्कूलों में सुविधा बढ़ाने और विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस द्वारा देवपुरी स्कूल में नई पहल की गई। बच्चों में पढ़ने की आदत, ज्ञान और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से "इंद्रधनुष लाइब्रेरी" परियोजना का आयोजन बुधवार को किया। इस नए प्रयास से बच्चों को लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। इस पहल के तहत बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक, कहानी, गतिविधि और शैक्षणिक पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध करवाया। इससे बच्चों को पढ़ने, सीखने और अपनी कल्पना शक्ति को विकसित करने का अवसर मिलेगा। लाइब्रेरी कक्ष को बच्चों के लिए अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से क्लब की सदस्यों द्वारा दो पंखा भी डोनेट किए। आयोजन में शामिल बच्चों को नाश्ता वितरित किया गया।



स्कूल के शिक्षक भी करेंगे मार्गदर्शन

शिक्षा से जुड़ी इस परियोजना की चेयरपर्सन रोटे. आयुषी जैन के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। स्कूल में बच्चों के बीच नई सुविधा शुरू करने के बाद उसके संचालन की जिम्मेदारी स्कूल में शिक्षकों को दिया गया। इनके मार्गदर्शन में ही "इंद्रधनुष लाइब्रेरी" की सुविधा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को मिलेगी। इसे शुरू करने से बच्चों में पढ़ने की आदत बनेगी। पढ़ने से उन्हें नई जानकारी मिलेगी, इससे उनका बौद्धिक विकास होगा। सबसे अहम बात, मोबाइल के प्रति उनका लगाव भी कम होगा।

शिक्षा और ज्ञान की पहुंच को मजबूत करना

"इंद्रधनुष लाइब्रेरी" छटा के बीच क्लब के एडवाइजर रोटे. विनय अग्रवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने "इंद्रधनुष लाइब्रेरी" परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को किताबों से जोड़ना, उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्लब अध्यक्ष रोटे. प्रियंका गुप्ता ने कहा कि हर बच्चे को सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। इस संकल्प को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा को प्राथमिकता में रखते हुए प्रयास भी किया जा रहा है। क्लब की सचिव रोटे. डॉ. स्वाति अग्रवाल ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा और ज्ञान की पहुंच को मजबूत करना है।



सिटी स्पोर्ट्स

रायपुर सेक्टर बालक और दुर्ग बालिका वर्ग में विजेता



रायपुर। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर द्वारा 29-30 सितंबर को राज्य स्तर इंटर सेक्टर स्पर्धा का आयोजन सप्रे स्कूल टेटे हॉल में किया गया। विजेताओं को प्राचार्या प्रो अंजली भटनागर ने सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि शरद शुक्ला उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ, विनय बैसवाड़े पूर्व राज्य विजेता, डॉ रामानंद यदु रिटायर्ड स्पोर्ट्स ऑफिसर, डॉ दिनेश नामदेव संचालक खेल हेमचंद यादव विवि, डॉ अरुण चौधरी ऑब्जर्वर एवं डॉ महेन्द्र रजक क्रीड़ा समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग थे।

आयोजन सचिव एवं क्रीड़ा अधिकारी रूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया की बालक वर्ग में रायपुर सेक्टर ने लगातार तीसरे वर्ष दुर्ग सेक्टर को 3-0 से हराकर विजेत का ख़िताब जीता। वही इसी अंतर से बालिका श्रेणी में दुर्ग सेक्टर ने रायपुर सेक्टर को हराकर चौथे वर्ष लगातार ख़िताब पर अपना कब्ज़ा बरकरार रखा। इस प्रतियोगिता में 12 सेक्टर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाव, बस्तर, कांकेर, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़, कोरबा, सरगुजा एवं सूरजपुर सेक्टर की बालक-बालिका टीमों के 108 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन्हे उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन की और से स्पेसिफिक टेटे किट, शूज एवं लोवर प्रदान किया। स्पर्धा में बेस्ट खिलाड़ी का ख़िताब रामजी कुमार एवं बस्तर की संस्कृति को मिला।

बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन आज से

रायपुर। बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनकी रचनात्मकता एवं खेल प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने बस्तर ओलंपिक के तीसरे संस्करण के लिए पंजीयन 1 अक्टूबर से प्रारंभ होंगे। तीन चरणों में आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक के विकासखंड स्तरीय आयोजन नवम्बर में होंगे। बस्तर ओलंपिक में जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष आयु के बालक-बालिकाएं तथा सीनियर वर्ग में महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं पुनर्वासित सदस्यों की प्रतिभागिता सीधे संभाग स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। बस्तर ओलंपिक के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक पंजीयन किए जाएंगे। नवम्बर और दिसम्बर में विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर इनके चरणबद्ध आयोजन होंगे। विकासखंड स्तर की प्रतियोगिताएं 1 नवम्बर से 13 नवम्बर तक, जिला स्तर की प्रतियोगिताएं 16 नवम्बर से 25 नवम्बर तक तथा संभाग स्तर की प्रतियोगिताएं 7 से 11 दिसम्बर तक प्रस्तावित हैं।

राज्य स्तरीय लैक्रोस प्रतियोगिता में शामिल हुए 300 खिलाड़ी



रायपुर। चौथी राज्य स्तरीय लैक्रोस प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 सितम्बर तक सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग की स्पर्धा मैत्री नगर एन टी पी सी लारा पुसौर में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सेक्रेटरी देव अवतार चौधरी ने बनाया कि उक्त आयोजित स्पर्धा से राष्ट्रीय लैक्रोस प्रतियोगिता आगरा के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन में शामिल हुए 73 खिलाड़ी



रायपुर। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मार्गदर्शन में 14 एवं 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए बिलासपुर जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन बहतरई स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 73 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। अंडर-14 ट्रायथलॉन, किड्स जैवलिन तथा अंडर-16 वर्ग में 60 मीटर, 600 मीटर, 80 मीटर हर्डल्स, शॉटपुट और लॉन्ग जंप सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं।अंडर-14 ट्रायथलॉन-ए में प्रथम स्थान शुभ्रनील, द्वितीय जिगर और तृतीय कुणाल वर्मा रहे।

रामजी लाल अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल एवं इंटर कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप 2026

फुटबॉल चैंपियनशिप में डैफोडिल इंग्लिश स्कूल और कलिंगा यूनिवर्सिटी ने दिखाया दम

शेरा क्रीड़ा समिति रायपुर के द्वारा रामजी लाल अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल एवं इंटर कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप-2026 आयोजित किया गया। यह आयोजन अंजनेया यूनिवर्सिटी के सहयोग से किया गया। इसके अंतर्गत कॉलेज एवं स्कूल वर्ग के तीन महत्वपूर्ण मुकाबले खेले गए।



रायपुर। बुधवार को माधव राव सप्रे स्कूल फुटबॉल मैदान बुढ़ापारा में खेले गए पहले मुकाबले में कॉलेज वर्ग में कलिंगा यूनिवर्सिटी ने श्रीरावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी को 2–0 से पराजित किया। कलिंगा यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने पूरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे और मुकाबला अपने नाम किया। दिन के दूसरे कॉलेज वर्ग के मुकाबले में रूंगटा कॉलेज, भिलाई ने अंजनेया यूनिवर्सिटी को 1–0 से हराया। दोनों टीमों के बीच मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें रूंगटा कॉलेज ने एक गोल की बढ़त बनाकर उसे अंत तक बरकरार रखा।

प्रतियोगिता की जानकारी शेरा क्रीड़ा समिति के सचिव मुस्ताक अली प्रधान द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि स्कूल वर्ग के लीग मुकाबले सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं और अब सेमीफाइनल मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में उत्साह है। कॉलेज वर्ग के शेष मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल की तस्वीर भी स्पष्ट हो जाएगी।

डैफोडिल इंग्लिश स्कूल ने जीत के साथ लीग चरण का किया समापन

दिन के तीसरे मुकाबले में स्कूल वर्ग का अंतिम लीग मैच खेला गया। इसमें डैफोडिल इंग्लिश स्कूल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, रायपुर को 2–1 से पराजित किया। डैफोडिल इंग्लिश स्कूल की ओर से अभिनव दास ने दोनों गोल करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल, रायपुर की ओर से रोहन वर्मा ने एक गोल किया। इस जीत के साथ स्कूल वर्ग के लीग मुकाबले पूरे हो गए हैं। स्कूल वर्ग से चार टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

स्कूल वर्ग की सेमीफाइनलिस्ट टीमें

पीएम श्री पं. आर.डी. तिवारी स्कूल,थ्रेसियन एकेडमी, दिल्ली पब्लिक स्कूल रायपुर, डैफोडिल इंग्लिश स्कूल रही। वहीं कॉलेज वर्ग में अभी दो लीग मुकाबले शेष हैं, जो कल खेले जाएंगे। इन मुकाबलों के बाद कॉलेज वर्ग की सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमों का निर्धारण किया जाएगा।

प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट प्रारूप में आयोजित की जा रही है। लीग चरण के बाद प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। प्रतियोगिता में स्कूल एवं कॉलेज स्तर के खिलाड़ी शानदार खेल कौशल एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं।

पहले दिन 144 खिलाड़ियों ने दी शारीरिक दक्षता परीक्षा, आज होगा खेल कौशल का अंतिम परीक्षण



रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा (रायपुर) में गैर-आवासीय खेल अकादमी हेतु खिलाड़ियों के प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया है। बुधवार से शुरू हुए इस दो दिवसीय चयन ट्रायल में नए प्रवेश के साथ-साथ पुराने खिलाड़ियों के नवीनीकरण के लिए भी प्रक्रिया आयोजित की जा रही है।

पंजीयन से लेकर फिटनेस टेस्ट तक कड़ी प्रक्रिया

चयन ट्रायल के पहले दिन फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी और एथलेटिक्स (बालक व बालिका वर्ग) के पंजीकृत खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया गया। प्रक्रिया की शुरुआत में विभागीय अधिकारियों और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की देखरेख में खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन और अनिवार्य चिकित्सकीय परीक्षण (मेडिकल टेस्ट) संपन्न हुआ।

शारीरिक मापदंडों व गतिविधियों का हुआ आंकलन

दस्तावेज़ों की जांच और मेडिकल क्लीयरेंस के बाद खिलाड़ियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण लिया गया। इसके अंतर्गत शारीरिक मापः ऊंचाई एवं वजन, दक्षता परीक्षणः वर्टिकल जंप, 30 मीटर दौड़, शटल रन, बॉल थ्रो, 800 मीटर दौड़ और सीट-अप जैसी गतिविधियां विभिन्न मापदंडों का परखी गई। प्रथम दिवस की प्रक्रिया के अंत तक चारों प्रमुख खेलों (फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक्स) के कुल 144 बालक व बालिका खिलाड़ियों का पंजीयन एवं शारीरिक परीक्षण सफलता पूर्वक पूरा कर लिया गया।

आज होगा खेल कौशल परीक्षण, अंतिम सूची होगी जारी

चयन ट्रायल के दूसरे दिवस यानी 1 अक्टूबर को पहले दिन शारीरिक परीक्षा में सफल रहे खिलाड़ियों के 'खेल कौशल परीक्षण' का आयोजन किया जाएगा। विशेष चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों के मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन, तकनीक और खेल कौशल के आधार पर अकादमी में प्रवेश के लिए अंतिम चयन किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया रायपुर के हॉकी एवं तीरंदाजी अकादमी के प्रशासक तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों की निगरानी में पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है।

वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ अंडर-19 टीम घोषित, फैज कप्तान



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित होने वाली मेन्स अंडर-19 वीनू मांकड़ वन-डे ट्रॉफी 2026-27 के लिए छत्तीसगढ़ की 17 सदस्यीय टीम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। रायपुर में आयोजित चयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से उभरीं प्रतिभावान प्रतिभाओं पर विचार-विमर्श के बाद खिलाड़ियों का चयन किया गया। सीएससीएस के अनुसार इस वर्ष अंडर-19 टीम की कमान रायपुर के प्रतिभावान खिलाड़ी एमडी फैज खान को सौंपी गई है। पुडुच्चेरी में 8 अक्टूबर से शुरू हो रहे इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयनित 17 सदस्यीय टीम में विभिन्न जिलों का बेहतरीन संतुलन देखने को मिल रहा है। टीम में दो विशेषज्ञ विकेटकीपरों के रूप में दुर्ग के आदित्य वर्मा और रायपुर के अमेय मोरे को शामिल किया गया है। इनके अलावा बिलासपुर जिले से आर्यन सिंह, आदित्य ब्याडवाल, धनंजय नायक और सक्षम चौबे का चयन हुआ है। वहीं राजधानी रायपुर से कप्तान एमडी फैज खान और विकेटकीपर अमेय मोरे के अतिरिक्त अगमजोत सिंह छग्गर, अमितेश मिश्रा, देव रिसित, तेजस्वी कालभोर और वेदांश खेड़िया को जगह मिली है। दुर्ग जिले से विकेटकीपर आदित्य वर्मा के साथ ही शिवम यादव और भिलाई से चंद्रभूषण साहू टीम का हिस्सा बने हैं। इसके साथ ही जांजगीर-चांपा से आदित्य यादव, कोरबा से अमन त्रिपाठी तथा राजनांदगांव जिले से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 17 सदस्यीय दल में अपनी जगह पक्की की है। बीसीसीआई द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार यह पूरा टूर्नामेंट पुडुचेरी में खेला जाएगा, जहां छत्तीसगढ़ की टीम कुल 5 राउंड-रॉबिन मैच खेलेगी। छत्तीसगढ़ की टीम अपने अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को हरियाणा के खिलाफ होने वाले पहले राउंड के मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम का दूसरा मुकाबला 10 अक्टूबर को बिहार से, तीसरा मुकाबला 12 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश से, चौथा मुकाबला 14 अक्टूबर को पंजाब से और अंतिम पांचवां मुकाबला 16 अक्टूबर 2026 को ओडिशा की टीम के साथ होगा।



हाई ब्लड प्रेशर से बचने कम करें सोडियम और बढ़ाइए पोटेशियम

हाई ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जिसका खतरा लगभग सभी उम्र के लोगों में देखा जा रहा है। इसे हृदय रोगों, जैसे हार्ट अटैक और स्ट्रोक की समस्या का भी प्रमुख कारण माना जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए प्रयास करते रहने चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इस रोग का जोखिम बढ़ गया है, विशेषकर आहार में सोडियम वाली चीजों की अधिकता को हाई ब्लड प्रेशर के लिए प्रमुख कारक माना जाता है। इससे बचाव के लिए न सिर्फ आहार को ठीक रखना जरूरी है साथ ही दिनचर्या में भी सुधार किया जाना आवश्यक हो जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सोडियम की अधिकता के कई दुष्प्रभाव हैं, पर इसके लिए पोटेशियम बड़ा तोड़ हो सकता है। पोटेशियम को ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने से लेकर हृदय से संबंधित समस्याओं के जोखिम को कम करने तक के लिए लाभकारी पाया गया है। आप इसे अपने दैनिक आहार से आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

सोडियम को करें कम, पोटेशियम की बढ़ाएं मात्रा

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक



आहार में सोडियम की मात्रा को कम करने और पोटेशियम को बढ़ाने से आपको लाभ हो सकता है। आप जितना अधिक पोटेशियम वाली चीजें खाते हैं, उतना अधिक सोडियम आपके मूत्र के माध्यम से शरीर से बाहर होता है। इसके अलावा पोटेशियम आपकी रक्त वाहिका की दीवारों में तनाव को कम करने में भी मदद करता है, जिससे रक्तचाप को और कम करने में मदद मिल सकती है।

120/80 मिमी एचजी से ऊपर रक्तचाप वाले वयस्कों को आहार के माध्यम से रोजाना पोटेशियम प्राप्त करने की सलाह दी जाती है, ये आपको हृदय रोगों के खतरे से भी बचाने वाली हो सकती है।

आहार से प्राप्त करें पोटेशियम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 18-50 वर्ष की आयु के पुरुषों के लिए रोजाना 3,400 मिलीग्राम और महिलाओं के लिए 2,600 मिलीग्राम पोटेशियम लेने की सलाह दी जाती है। डैश डाइट वाली चीजें, जैसे आहार में फल, सब्जियां, लो फैट वाली चीजें, डेयरी उत्पाद और मछली में प्राकृतिक रूप से पोटेशियम की अधिकता होती है।

आप केले के सेवन से भी शरीर के लिए इस पोषक तत्व की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। एक मध्यम आकार के केले में लगभग 226 मिलीग्राम पोटेशियम होता है, ये ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए सबसे लाभकारी है।

पोटेशियम की लिए किन चीजों का करें सेवन

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, दैनिक आहार की कई चीजों से आसानी से पोटेशियम की पूर्ति की जा सकती है। पत्तेदार सब्जियां, फलियां, नट्स, डेयरी उत्पाद से आसानी से इसे प्राप्त किया जा सकता है। सूखे मेवे (किशमिश, खुबानी), दाल, आलू, पालक और ब्रोकली के साथ एवोकाडो भी आपके लिए इस पोषक तत्व की आवश्यकताओं की आसानी से पूर्ति करने में सहायक हैं।



राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता में आरकेसी के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



रायपुर। राजस्थान में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी स्केटिंग प्रतियोगिता 2026 में राजकुमार कॉलेज (आरकेसी) रायपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच आरकेसी के खिलाड़ियों ने खेल कौशल, मेहनत और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए स्वर्ण एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। अंडर-11 वर्ग में आरकेसी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैरवीर सिंह सत्पथी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक हासिल किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में शिवम उपाध्याय ने बेस्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। अंडर-17 वर्ग में जेनेशा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में आरकेसी के खिलाड़ियों ने देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा में जीत दर्ज की।

छत्तीसगढ़ के युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी

उनकी इस उपलब्धि ने राजकुमार कॉलेज के साथ छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। इन खिलाड़ियों की सफलता उनके निरंतर अभ्यास, समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है। उनकी उपलब्धि से विद्यालय के विद्यार्थियों में भी खेलों के प्रति उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ है। इसके लिए आरकेसी परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। खिलाड़ियों की यह सफलता निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के युवा खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'अवेंजर्स: डूम्सडे' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह, विलेन के नए रूप में नजर आएंगे रॉबर्ट



मार्वल स्टूडियोज की बहुप्रतीक्षित और भव्य फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' की तैयारियों को लेकर दुनियाभर के सिनेमा प्रेमियों और प्रशंसकों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। मार्वल की फिल्मों को पसंद करने वाले दर्शक इस नई कहानी का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, और फिल्म से जुड़ी हर नई जानकारी उनके रोमांच को और बढ़ा रही है। इस फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण दिग्गज अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर की वापसी है। इससे पहले मार्वल की कई फिल्मों में 'आयरन मैन' का मुख्य और लोकप्रिय किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले डाउनी, इस बार एक बिल्कुल अलग और खतरनाक भूमिका में सामने आ रहे हैं। इस फिल्म में वह मुख्य खलनायक 'डॉक्टर डूम' का एक बेहद नया, रहस्यमयी और अनोखा रूप निभाते हुए दिखाई देंगे। उनके इस नए खलनायक वाले रूप को लेकर प्रशंसकों के बीच जबरदस्त चर्चा और उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक जोड़ी रुसो ब्रदर्स (एंथोनी रुसो और जो रुसो) कर रहे हैं। रुसो ब्रदर्स इससे पहले 'अवेंजर्स: इनफिनिटी वॉर' और 'अवेंजर्स: एंडगेम' जैसी विश्वभर में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने वाली फिल्मों का सफ़ल निर्देशन कर चुके हैं। ऐसे में उनके फिर से निर्देशक की कुर्सी पर लौटने से दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। 'अवेंजर्स: डूम्सडे' में मार्वल की विशाल काल्पनिक दुनिया के कई बड़े और शक्तिशाली नायक (सुपरहीरो) एक साथ एक ही मंच पर नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी में ब्रह्मांड को बचाने के लिए इन नायकों के बीच का तालमेल, उनका महासंग्राम और 'डॉक्टर डूम' की महाविनाशकारी योजनाओं का सामना करना मुख्य आकर्षण रहेगा।

टॉलीवुड

सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आई सुपरस्टार यश की फिल्म



कन्नड़ सिनेमा के जाने-माने अभिनेता यश की बहुचर्चित और भव्य गैंगस्टर-ड्रामा फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरिटेल फॉर ग्रोन-अप्स' ने बड़े पर्दे पर शानदार सफलता हासिल करने के बाद अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम रख दिया है। दर्शकों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार खत्म करते हुए यह फिल्म अब प्रसिद्ध डिजिटल मंच 'जी5' पर प्रसारित हो चुकी है। गीतू मोहनदास के कुशल निर्देशन में बनी यह फिल्म उत्तर-औपनिवेशिक काल के गोवा की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में उस दौर की आपराधिक गतिविधियों, अंडरवर्ल्ड के प्रभाव और सत्ता की जंग को बेहद गहराई तथा भव्यता के साथ पर्दे पर उतारा गया है। फिल्म का छायांकन, दृश्य संयोजन और निर्माण स्तर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, जो दर्शकों को एक अलग ही काल्पनिक व रहस्यमयी दुनिया का अहसास कराता है।

इस एक्शन से भरपूर फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे सुपरस्टार यश का अवतार बेहद शक्तिशाली और प्रभावशाली है। उनके अलावा फिल्म में भारतीय सिनेमा की कई प्रसिद्ध अभिनेत्रियां मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। इनमें नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी और तारा सुतारिया जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं। इन सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों में बेहतरीन अभिनय किया है, जिससे कहानी में रहस्य और रोमांच लगातार बना रहता है।

सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ जुटाने और सफलता के कई नए कीर्तिमान स्थापित करने के बाद, अब इस फिल्म को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी प्रशंसकों का बहुत प्यार मिल रहा है। 'जी5' पर रिलीज होते ही यह फिल्म दर्शकों के बीच चर्चा का मुख्य विषय बन गई है।

भोजपुरी

दिल्ली में सजेगा भव्य रामलीला का मंच; श्रीराम बनेंगे रवि किशन



देश की राजधानी दिल्ली में इस वर्ष आयोजित होने वाली प्रसिद्ध और भव्य रामलीला को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी रामलीला का मंच सांस्कृतिक भव्यता और कला का केंद्र बनने जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण लेकर आ रहा है, क्योंकि मंच पर कई नामचीन हस्तियां पौराणिक किरदारों को जीवंत करती हुई नजर आएंगी। भोजपुरी सिनेमा के मशहूर अभिनेता और वर्तमान सांसद रवि किशन इस साल रामलीला में मुख्य भूमिका यानी भगवान श्रीराम के किरदार में नजर आएंगे। अपनी बुलंद आवाज, सशक्त अभिनय और जन-जन में लोकप्रियता के लिए पहचाने जाने वाले रवि किशन को श्रीराम के रूप में देखने के लिए प्रशंसकों में भारी उत्सुकता है। उन्होंने इस भूमिका को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे एक बड़ा सौभाग्य और धार्मिक दायित्व बताया है। इस भव्य आयोजन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के साथ 'माता सीता' के पावन और पूजनीय किरदार को मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 केजिया लिज मेजो निभाएंगी। सौंदर्य और कला के मंच पर अपनी पहचान बनाने के बाद केजिया का इस पौराणिक मंच पर पदार्पण दर्शकों के लिए एक नया और विशेष अनुभव होगा। आयोजकों का मानना है कि इस नई जोड़ी की प्रस्तुति रामलीला के आकर्षण को कई गुना बढ़ा देगी।

रॉयल हाई-फैशन

शाही और भव्यता से भरपूर, यह आउटफिट 'रॉयल हाई-फैशन' शैली का एक बेजोड़ नमूना है। सुनहरे और मोतियों की आकर्षक नक्काशी से सजा यह 'मर्मेड-कट' गाउन कंधे पर लगे बड़े, ना टकीय रफल्स के साथ बेहद प्रभावशाली दिखता है। सिर पर पहना गया ताज और शाही महल का स्वर्णिम बैकग्राउंड इस ड्रेमेटिक एवं एलिगेंट लुक की भव्यता को और बढ़ा देता है।



घर पर ही आसान स्टेप्स में करें प्रोफेशनल 'हेयर स्मूदनिंग'

अगर आप बेजान, फ्रिजी और घुंघराले बालों की समस्या से परेशान हैं, तो हेयर स्मूदनिंग आपके लिए सबसे बेहतरीन विकल्प हो सकती है। स्मूदनिंग न केवल बालों को सीधा और चमकदार बनाती है, बल्कि उन्हें एक आकर्षक और सहेजा हुआ लुक भी देती है। अब इसके लिए पार्लर जाकर हजारों रुपये खर्च करने की बिल्कुल जरूरत नहीं है; कुछ आसान स्टेप्स को अपनाकर यह ट्रीटमेंट आप घर पर ही कर सकती हैं।

माइल्ड शैम्पू से करें बालों की सफाई

स्मूदनिंग प्रक्रिया का पहला और सबसे अहम कदम है बालों को गहराई से साफ करना। इसके लिए कम केमिकल वाले माइल्ड शैम्पू का प्रयोग करें। यदि बाल अत्यधिक डैमेज हैं, तो ओट मिल्क और शहद युक्त शैम्पू चुनें। यह संयोजन डैमेज बालों की मरम्मत कर उन्हें जड़ों से मजबूती प्रदान करता है।

बालों का मॉइश्चर सुखाएं (ब्लो ड्रायर तकनीक)

बाल धोने के बाद उन्हें ब्लो ड्रायर से अच्छी तरह सुखाएं ताकि नमी का एक भी अंश न रहे। बेहतर परिणामों के लिए बालों को चार हिस्सों (सेक्शन) में बांटे और एक-एक हिस्से को ड्रायर से सुखाएं। इससे बाल पूरी तरह से सूखकर अगली प्रक्रिया के लिए तैयार हो जाते हैं।

स्मूदनिंग क्रीम लगाने का सही तरीका

तीसरे चरण में बाजार या घर पर तैयार की गई स्मूदनिंग क्रीम को मास्किंग ब्रश की मदद से बालों पर लगाएं। क्रीम लगाने के बाद चौड़े



दांतों वाली कंघी से बालों को सुलझाएं ताकि क्रीम हर एक स्ट्रैंड पर समान रूप से फैल जाए। इसे 25-30 मिनट तक लगा रहने दें। ध्यान रखें, क्रीम एक जगह न जमे, इसके लिए 10 मिनट बाद एक बार फिर कंघी कर लें।

सुखाने और प्रेसिंग की प्रक्रिया

जब क्रीम सूख जाए, तो बिना पानी से धोए बालों पर ड्रायर चलाएं। इसके बाद हेयर स्ट्रैटनर से बालों को अच्छे से प्रेस करें। आपकी होममेड स्मूदनिंग पूरी हो चुकी है।

गुलाबी ठंड में इन तरीकों से फ्लॉन्ट करें गजरा



गुलाबी ठंड की दस्तक के साथ ही त्योहारों और शादियों का सीजन शुरू हो जाता है। एथनिक परिधानों के साथ जब तक बालों में गजरा न सजा हो, तब तक पारंपरिक श्रृंगार अधूरा सा लगता है। यदि आप भी इस सीजन अपने लुक को रीगल और सबसे अलग बनाना चाहती हैं, तो इन चार ट्रेंडिंग तरीकों से गजरे को अपने हेयर स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं।



मल्टी-लेयर गजरा लुक (ओपन हेयर स्टाइल)

अगर आप बालों को खुला रखना चाहती हैं, तो यह लुक सबसे सटीक है। बालों की सेंटर पार्टिंग (बीच की मांग) करके दोनों तरफ हल्का पफ बनाएं। अब क्राउन एरिया पर पफ बनाकर बालों को हाफ पिनअप कर लें और पफ के ठीक नीचे दो लेयर में गजरा लगाएं। यह स्टाइल बनाने में आसान और कैरी करने में बेहद आरामदायक है। रॉयल जाल-वर्क गजरा (लहंगा और साड़ी के साथ) यदि आप लो-बन (नीचा जूड़ा) बना रही हैं, तो जाल-वर्क वाला गजरा आपके लुक में चार चांद लगा देगा। सिंपल लो-बन बनाएं और उसके ऊपर जाल-वर्क वाले गजरे को फिट करके हेयर पिन से अच्छी तरह फिक्स कर लें। यह स्टाइल लहंगे और भारी साड़ियों पर बेहद आकर्षक दिखता है।





सेलिब्रिटी स्टाइलः इंग्लिश रोज गजरा

मोगरे के बजाय अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं, तो दीपिका पादुकोण की तरह इंग्लिश रोज (गुलाब के फूल) का गजरा ट्राई करें। इसके लिए मीडियम-हाई बन बनाएं और उसकी गोलाई में इंग्लिश गुलाब लगाएं। यदि ताजे फूल न मिलें, तो बाजार में उपलब्ध आर्टिफिशियल रेडीमेड रोज गजरे का भी उपयोग किया जा सकता है।

एक लिप लाइनर से करें पूरा फेस मेकअप, जानिए जरूरी हैक्स

अमूमन महिलाएं लिप लाइनर का इस्तेमाल केवल होंठों को शेप देने या लिपस्टिक लगाने के लिए करती हैं। लेकिन 'आरवीएमयूए एकेडमी' की फाउंडर व सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट रिया वशिष्ट के अनुसार, लिप लाइनर एक बेहद वर्सेटाइल ब्यूटी टूल है। अगर सही तरीका मालूम हो, तो एक ही लिप लाइनर पेंसिल से चेहरे का पूरा मेकअप किया जा सकता है। रंग-बिरंगा आईलाइनरः लाइट मेकअप के लिए अपनी पसंद का लिप लाइनर आंखों के ऊपर बतौर आईलाइनर लगाएं। ब्लैक आईशैडो की पतली लाइन बनाकर उसके ऊपर लिप लाइनर लगाने और स्मज करने से बेहद अट्रैक्टिव आई-लुक मिलता है। कस्टम आईशैडोः आउटफिट के मैचिंग लिप लाइनर को पलकों पर लगाएं और आईशैडो ब्रश से अच्छी तरह ब्लेंड करें। दो-तीन शेड्स मिलाकर लगाने से परफेक्ट स्मूथ फिनिश मिलती है।

कलरफुल या ब्राउन काजलः रेगुलर ब्लैक काजल से बोर हो गई हैं, तो डार्क ब्राउन लिप लाइनर को लोअर लैश लाइन के नीचे लगाकर



हल्का स्मज करें। यह आंखों को बहुत ही नेचुरल और डिफाइंड लुक देता है।

नेचुरल चीक ब्लशः ब्लश खत्म हो गया हो तो चिंता न करें। लाइट पिंक या न्यूड शेड के लिप लाइनर को गालों (चीक्स) पर हल्का सा लगाएं और उंगलियों, स्पॉन्ज या ब्रश की मदद से ब्लेंड करें।

परफेक्ट फेस कॉन्टूरिंगः डार्क ब्राउन लिप लाइनर की मदद से अपनी जॉलाइन और नाक के दोनों किनारों पर हल्की लाइनें खींचें और स्पॉन्ज से ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि ब्लेंडिंग इतनी हल्की हो कि शेप बनी रहे।

स्कैल्प पर ज्यादा पसीना आने की समस्या को न करें नजरअंदाज

पसीना आना शरीर की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जो बॉडी को डिटॉक्स करने और तापमान नियंत्रित रखने में मदद करती है। हालांकि, जिन लोगों के स्कैल्प (सिर की त्वचा) पर जरूरत से ज्यादा पसीना आता है, उनके लिए यह न केवल चिड़चिड़ापन लाता है, बल्कि बालों के स्वास्थ्य को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है।

स्कैल्प में जलन, रेडनेस और इचिंग

अत्यधिक पसीने के कारण स्कैल्प में लगातार नमी बनी रहती है। संवेदनशील त्वचा (सेंसिटिव स्किन) वाले लोगों में इस नमी की वजह से सिर में खुजली, रेडनेस और जलन की समस्या बढ़ जाती है।

रोज शैम्पू करने से बालों का रूखापन

पसीना और चिपचिपाहट साफ करने के चक्कर में लोग अक्सर रोजाना शैम्पू करने की गलती कर बैठते हैं। अधिक शैम्पू के इस्तेमाल से बालों का प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है, जिससे बाल बेजान, रूखे और कमजोर होकर टूटने लगते हैं।



यीस्ट ओवरग्रोथ और जिद्दी डैंड्रफ

स्कैल्प पर लगातार जमा पसीना और नमी फंगल या यीस्ट इन्फेक्शन के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हैं। इसके परिणामस्वरूप सिर में जिद्दी डैंड्रफ की शिकायत हो जाती है जो हेयर फॉलिकल्स को नुकसान पहुंचाती है। पसीने से बाल हमेशा ऑयली और चिपचिप नजर आते हैं। ऐसे में बालों को जल्दी सुखाने के लिए अत्यधिक ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल समस्या को कम करने के बजाय और ज्यादा बदतर बना देता है।

बिजनेस साइट

केनरा बैंक के उपमहाप्रबंधक ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट



रायपुर। केनरा बैंक अंचल कार्यालय के उपमहाप्रबंधक ई. विजय शंकर ने अपनी टीम के साथ 29 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके रायपुर स्थित निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान बैंक की आगामी योजनाओं, राज्य में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार तथा छत्तीसगढ़ के विकास में बैंक की सहभागिता को लेकर चर्चा हुई। उपमहाप्रबंधक ने मुख्यमंत्री को बताया कि बैंक द्वारा जगदलपुर संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर में नई शाखाएं खोलने की दिशा में पहल की जा रही है। साथ ही प्रदेशवासियों को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बैंक लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में केनरा बैंक की 117 शाखाएं एवं कार्यालय संचालित हैं। इनके माध्यम से जमा, ऋण, डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा के विस्तार पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक आशीष सागर सहित बीके उपाध्याय, जय शर्मा और तरण शर्मा उपस्थित रहे।

गोल पैच में बाल झड़ना सामान्य हेयर फॉल नहीं : डॉ. मनोज अग्रवाला

रायपुर। सिर पर अचानक सिक्के जैसे गोल पैच में बाल झड़ना सामान्य हेयर फॉल नहीं, बल्कि एलोपेसिया एरियाटा नामक ऑटोइम्यून बीमारी का संकेत हो सकता है। चौबे कॉलोनी स्थित एम.ए. स्किन एंड हेयर क्लीनिक के वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज अग्रवाला ने बताया कि इस बीमारी में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली बालों की जड़ों पर ही हमला करने लगती है। उन्होंने बताया कि इसका असर केवल बालों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कई मरीज सामाजिक दूरी बनाने, सिर ढंककर रखने और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं से भी गुजरते हैं। कुछ जटिल मामलों में कई उपचारों के बावजूद बाल वापस नहीं आते। ऐसे मामलों में आधुनिक टारगेटेड दवाएं नई उम्मीद बनी हैं। डॉ. अग्रवाला ने बताया कि हाल ही में एक महिला मरीज के सिर पर कई पैच बन गए थे। विशेषज्ञ निगरानी में उपचार के बाद कुछ ही सप्ताह में बालों का झड़ना रुका और कुछ महीनों में बाल लगभग पूरी तरह वापस आ गए। उन्होंने कहा कि सही कारण की पहचान इलाज की पहली सीढ़ी है। ऐसे लक्षण दिखने पर घरेलू नुस्खों के बजाय त्वचा विशेषज्ञ से जांच करानी चाहिए।



एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते आठ पदक, बनाया नया राज्य रिकॉर्ड



रायपुर। एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल के पांच खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल आठ पदक जीते। खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, तैराकी और तलवारबाजी में विद्यालय एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। गोवा में आयोजित वेस्ट जोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुकुंद वर्मा ने अंडर-18 लंबी कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, शौर्य अग्रवाल ने अंडर-18 भाला फेंक में 71.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता और 70.60 मीटर के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर नया छत्तीसगढ़ राज्य रिकॉर्ड बनाया। सिद्धार्थ नागेश ने 16.05 मीटर गोला फेंककर रजत पदक हासिल किया। सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में अनंत द्विवेदी ने एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। उनका चयन एसजीएफआई की तैराकी प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। वहीं, कक्षा 11 की नव्या वर्मा ने सीबीएसई राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त किया।

रायपुर में संपत्तियों का होगा हाई-टेक ड्रोन सर्वे एवं जीआईएस मैपिंग

रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण अपने पूरे अधिकार क्षेत्र की संपत्तियों और अधोसंरचनाओं का हाईटेक ड्रोन सर्वे और जीआईएस मैपिंग कराने जा रहा है। परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके तहत दशकों पुराने कागजी रिकॉर्ड, संपत्ति रजिस्टर, लेजर बुक, नक्शे, पट्टा और लीज दस्तावेजों को डिजिटल किया जाएगा। प्रत्येक संपत्ति और भूखंड को यूनिक प्रॉपर्टी आइडेंटिफिकेशन नंबर दिया जाएगा। इसे डिजिटल रिकॉर्ड और जीआईएस मैप से जोड़ा जाएगा। ड्रोन सर्वे के साथ डोर-टू-डोर भौतिक सत्यापन, जियो-टैग्ड फोटो और मोबाइल एप से डेटा जुटाया जाएगा। आरडीए के अनुसार पुराने रिकॉर्ड, ड्रोन सर्वे और मौके के सत्यापन को एकीकृत कर डिजिटल एसेट डेटाबेस तैयार होगा। इससे संपत्ति प्रबंधन, रिकॉर्ड सत्यापन और अवैध कब्जों की पहचान में मदद मिलेगी। सड़क, नाली, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और जलापूर्ति जैसी सुविधाओं की मॉनिटरिंग भी बेहतर हो सकेगी। भविष्य में नामांतरण, लीज नवीनीकरण, भवन अनुज्ञा और एनओसी जैसी सेवाओं को ऑनलाइन करने में भी यह व्यवस्था उपयोगी होगी।